


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 259

ग्वालियर, शनिवार, 13 नवम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## ईपीएफओ कर्मचारियों को मिलेगी दोगुनी रकम, मोदी सरकार का बड़ा फैसला




**नई दिल्ली /** एम्प्लॉय प्रोविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (ईपीएफओ) ने अपने कर्मचारियों और उनके ऊपर आश्रितों को लेकर बड़ा फैसला किया है। दरअसल,ईपीएफओ कर्मचारियों की अचानक हुई मौत के बाद उनके नॉमिनी को दोगुनी रकम दी जाएगी।सेंट्रल बोर्ड की ओर से कर्मचारी के आकस्मिक निधन के बाद उनके परिजन को एक्स ग्रेशिया डेथ रिलीफ फंड दिया जाता है,जिस लेकर ईपीएफओ ने राहत दी है।इसके बाद ईपीएफओ के देशभर में करीब 30 हजार कर्मचारियों को फायदा मिलेगा।इस फैसले को लेकर संस्थान ने अपने दफ्तरों में सर्कुलर भी जारी कर दिया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार,सर्कुलर में ईपीएफओ ने साफ किया है कि नॉमिनी को मिलने वाली राशि उनके परिजन को नहीं दी जाएगी, जिनकी मौत कोरोना की वजह से हुई है।इसके बाद आकस्मिक निधन से मिलने वाली राशि बढ़कर 8 लाख रुपये हो गई है।फंड के तहत,पहले कर्मचारी के आश्रित को सिर्फ 4.20 लाख रुपये ही दिए जाते थे।इस हिसाब से तकरीबन दोगुनी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।यह फैसला हुआ हैं कि हर तीसरे साल पर राशि को तकरीबन 10 फीसदी बढ़ने की कोशिश होगी।

बता दें कि ईपीएफओ के सदस्यों ने मांग की थी कि कम-से-कम 10 लाख रुपये और अधिकतम 20 लाख रुपये की राशि दी जाए।ईपीएफओ के सर्कुलर के अनुसार, अगर कर्मचारी की मौत गैर-कोविड से हुई है,तब उसके परिवार या फिर नॉमिनी को 8 लाख रुपये की राशि मिलेगी। यह राशि ईपीएफओ के देशभर में मौजूद कर्मचारियों के लिए होगी। यह राशि वेल्फेयर फंड से दी जाएगी। हाल ही में केंद्र सरकार ने 6.5 करोड़ लोगों के खातों में पीएफ का ब्याज ट्रांसफर कर दिया। आपके पीएफ खाते में भी आ चुका होगा,अगर अभी तक आपको एसएमएस नहीं आया है,तब आप घर बैठे आसानी से चेक कर सकते हैं। पिछले कुछ महीनों से लोग खाताधारक पीएफ पर मिलने वाले ब्याज का इंतजार कर रहे थे।

## आरबीआई की इन योजनाओं से निवेश का दायरा बढ़ेगा और ग्राहक की शिकायत समाधान बेहतर होगा : पीएम मोदी





**नई दिल्ली /** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकारी प्रतिभूति बाजार में खुदरा निवेशकों को भागीदारी का अवसर देने और शिकायत निपटान प्रणाली में सुधार के लिए रिजर्व बैंक की दो उपभोक्ता-केंद्रित योजनाओं का शुभारंभ किया। इन दोनों योजनाओं से वित्तीय समावेशन भी मजबूत होगा। कार्यक्रम में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और रिजर्वबैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास भी मौजूद रहे।आरबीआई की दो अभिनव उपभोक्ता केंद्रित पहल...खुदरा प्रत्यक्ष योजना और केंद्रीय एकीकृत लोकपाल योजना की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि योजनाओं से निवेश का दायरा बढ़ेगा और ग्राहक शिकायत समाधान प्रणाली को बेहतर होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा,खुदरा प्रत्यक्ष योजना से छोटे निवेशकों की पहुंच बढ़ेगी और वे प्रतिभूतियों में निवेश कर निश्चित प्रतिफल प्राप्त कर सकते हैं। इससे सरकार को भी राष्ट्र निर्माण के लिए कोष उपलब्ध होगा।''

## भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से एमवीए को सत्ता से बाहर कर देगी: नड्डा



**मुंबई /** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि पार्टी महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी गठबंधन (शिवसेना-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-कांग्रेस) को लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता से बेदखल कर देगी। यहां एक कार्यक्रम में नड्डा ने भरोसा जताया कि अगले साल होने वाले मुंबई नगर निकाय चुनावों में भाजपा का झंडा चमकेगा । भाजपा लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जरिये महाराष्ट्र में भ्रष्ट सरकार को सत्ता से बाहर कर देगी। हम पूरी सच्चाई और प्रतिबद्धता के साथ महाराष्ट्र में विपक्ष की भूमिका निभाएंगे।

### कंगना के बयान पर नेताओं को पलटवार,

## लालू की बेटी ने उन्हें फर्जी झांसी की रानी तू देशद्रोही लगती



**पटना ।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत 1947 में मिली आजादी को %भीख% बताने वाली टिप्?पणी पर घिर चुकी हैं। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से कंगना को दिया गया पद्मश्री पुरस्कार वापस लेने की अपील की है।वहीं, लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने भी कंगना पर पलटवार किया। उन्होंने ट्वीट में कहा, शहीदों की जान जिसे भीख लगती है,फर्जी झांसी की रानी तू देशद्रोही लगती है।वहीं हम पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने ट्वीट के जरिए बॉलीवुड अभिनेत्री पर निशाना साधकर लिखा, राष्ट्रपति को कंगना का पद्मश्री पुरस्कार वापस ले लेना चाहिए या पूरी दुनिया को यह समझा दिया जाए कि महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आजाद, भगत सिंह, सरदार पटेल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अन्य ने आजादी के लिए भीख मांगी थी, जो ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा दी गई। शर्म करो कंगना।%

लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने भी अभिनेत्री का नाम लिए बिना एक के बाद एक कई ट्वीट किए है। उन्होंने लिखा, %शहीदों की जान जिसे भीख लगती है फर्जी झांसी की रानी तू देशद्रोही लगती है। उन्होंने कहा, एक नया इतिहास लिखा जाएगा, आजादी को भीख बताकर, अंधभक्तों के पप्पा का गुणगान किया जाएगा।उन्होंने लिखा, ये माफी वीर सावरकर के वंशज हैं, आजादी को भी भीख बताकर पदमश्री अवार्ड पा लेते हैं। आरजेडी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से इस मुद्दे पर ट्वीट किया गया।

दरअसल, पूरा मामला तब गरमाया जब इंटरव्यू में कंगना ने कहा था, %भीख मांगने से मिली आजादी असली आजादी नहीं है। हमने 2014 में असली आजादी हासिल की है।% जीतन राम मांझी के अलावा, बीजेपी नेता वरुण गांधी ने भी कंगना के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया प्रकट की। वरुण गांधी ने कहा, %कंगना ने एक बार महात्मा गांधी के बलिदान का अपमान कर उनके हत्यारे की सराहना की। अब, उन्होंने मंगल पांडे, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रानी लक्ष्मी बाई, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों का अपमान किया। पागल या देशद्रोह की मानसिकता वाली व्यक्ति को मैं क्या कहूं?

## मलिक ने कहा, राज्य वक्फ बोर्ड में चल रहे विवाद को साफ करने में मदद करेगी ईडी

**मुंबई /** महाराष्ट्र के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नवाब मलिक ने अप्रत्याशित रूप से राज्य वक्फ बोर्ड में चल रहे विवाद को साफ करने में मदद करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सार्वजनिक रूप से आमंत्रित किया। वक्फ बोर्ड पर मुस्लिम समुदायों की संपत्ति की देखभाल करने की जिम्मेदारी है।मलिक ने वक्फ बोर्ड में पंजीकृत पुणे स्थित ट्रस्ट के खिलाफ लगभग 9.60 करोड़ रुपये के कथित घोटाले की शिकायत के संबंध में केंद्रीय एजेंसी द्वारा 7 स्थानों पर छापेमारी के मद्देनजर ईडी से %सफाई% की सिफारिश की है।

ईडी की कार्रवाई ने मीडिया के वर्ग में अटकलें लगाकर कि मलिक की देखरेख में वक्फ बोर्ड पर छापा मारकर जांच का अगला निशाना होगा। मलिक नेता ने अफवाहों पर हंसकर कहा कि वक्फ बोर्ड ने अनियमितताओं की जानकारी मिलने के बाद अगस्त 2021 में पुणे स्थित बंदोबस्ती ट्रस्ट के खिलाफ शिकायत की थी। दो व्हिसल ब्लोअर मुश्ताक ए.शेख और मुनव्वर के. नन्हेखान ने सितंबर में वक्फ बोर्ड और मलिक से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने ईडी से संपर्क किया।

शेख और नन्हेखान ने कहा, वक्फ बोर्ड के सहायक सीईओ फारूक पठान ने अनियमितता की थी।22 जनवरी, 2021 को एक सामुदायिक संपत्ति पर फर्जी एनओसी दी गई थी,इस 2011 में बोर्ड की अनुमति के बिना अवैध रूप से आरक्षित किया गया था। सहायक सीईओ द्वारा फर्जी एनओसी के माध्यम से समूह ने फर्जी ट्रस्ट बनाकर करीब 9.60 करोड़ रुपये हड़प लिए। दोनों ने कहा कि हालांकि वक्फ बोर्ड ने ट्रस्ट के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन वे अपने ही अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहे , इसकारण समुदाय को नुकसान हुआ। हालांकि बाद में पठान ने एनओसी देने से इनकार कर दिया। यह बताने से इनकार करते हुए कि क्या ईडी ने वक्फ बोर्ड पर छापा मारा था, शेख और नन्हेखान ने स्पष्ट किया कि उन्हें ट्रस्ट या अधिकारियों पर केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई से अवगत नहीं कराया गया था।


## अब सिद्धू ने पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर को बब्बर शेर बताया

**चंडीगढ़ /** पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र दौरान पंजाब कांग्रेस के मौजूदा प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू ने पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि जहां कोई व्यक्ति सही हो, उसे वह सही कहते हैं। सिद्धू सदन में बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र संबंधित संकल्प पर बोल रहे थे। इस दौरान सिद्धू ने कैप्टन अमरिंदर सिंह को %बब्बर शेर% बताया। सिद्धू ने कहा कि कुछ विधायकों की तरफ से कहा गया है कि केंद्र के कानूनों को रद्द करना पंजाब का अधिकार क्षेत्र नहीं है। सिद्धू ने कहा कि इसकी सबसे बड़ी उदाहरण कैप्टन अमरिंदर सिंह की सरकार की तरफ से किया गया टर्मिनेशन आफ वाटर एग्रीमेंट एक्ट है।

## मांडविया बोले- सरकार बच्चों को कोविड-रोधी टीका लगाने में जल्दबाजी नहीं करना चाहती



**नई दिल्ली /** देश में कोरोनारोधी चल रहे टीकाकरण अभियान के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि सरकार बच्चों को कोविड-रोधी टीका लगाने में जल्दबाजी नहीं करना चाहती और इस संबंध में कोई भी निर्णय विशेषज्ञों की राय के आधार पर ही लिया जाएगा। जायडस कैडिला के कोविड-19 टीकों को 12 साल एवं उससे अधिक आयु के लोगों के लिए आपातकाल में इस्तेमाल की अनुमति मिल जाने के मद्देनजर बच्चों का टीकाकरण शुरू होने के संबंध में मांडविया ने कहा कि दुनिया में कहीं भी बच्चों को बड़े पैमाने पर कोविड-19 रोधी टीका नहीं लगाया जा रहा है, हालांकि कुछ देशों में बच्चों का सीमित टीकाकरण शुरू किया गया है। उन्होंने एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में कहा, 'हम इस बात को लेकर जल्दबाजी नहीं करना चाहते। चूंकि यह बच्चों से जुड़ा मामला है, इसलिए विशेषज्ञ समूह और अध्ययन कर रहे हैं।' मांडविया ने कोविड-19 टीके की बूस्टर खुराक दिए जाने की संभावना पर कहा कि पर्याप्त मात्रा में टीके उपलब्ध हैं और टीकाकरण के लिए पात्र लोगों को दो-दो खुराक दिए जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इसके बाद, विशेषज्ञ की सिफारिश के आधार पर बूस्टर खुराक देने पर निर्णय लिया जाएगा।







# शिविरों में आमजन को मिल रहा है चिकित्सा विभाग की योजनाओं का लाभ

**सांपा गांव में प्रशासग गांवों के संग कैंप में स्वास्थ्य सेवाओं को जांचने पहुंचे सीएमएचओ, दिए आवश्यक निर्देश**

**पुष्पांजली टुडे ब्यूरो नेनाराम सिरवी**




पाली। राज्य सरकार के निर्देश पर आयोजित किए जा रहे प्रशासन गांवों के संग शिविर में आमजन को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इन शिविरों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की सुविधाओं की जांच के लिए पाली सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा अचानक सांपा गांव पहुंचे। उन्होंने वहां पर चिकित्सा विभाग की गतिविधियों के बारे में जानकारी लेकर विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ अपने गांवों में ही मिले। इसके तहत गुरूवार को जिले के पाली पंचायत समिति के सांपा गांव में पंचायत मुख्यालय पर प्रशासन गांवों के संग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं के अलावा कई योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस कैंप में विभाग की गतिविधियां को जांचने के लिए पाली सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा भी अचानक सांपा गांव में पहुंचे तथा वहां पर आयोजित प्रशासन गांवों के संग शिविर का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। डॉ. मिर्धा ने इस शिविर में चिकित्सा विभाग की ओर से की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आमजन को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के बारे में चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। इसी दौरान सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने उपस्थित ग्रामीणों को चिकित्सा विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अधिक से अधिक इस योजना से जु?ने के बारे में प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के समक्ष मौसमी बीमारियों की रोकथाम के बारे में जानकारी देते हुए लार्वा का डेमोस्ट्रेशन कर लोगों को मच्छर पनपने के बारे में एवं बचाव के बारे में बताया। इसी दौरान उन्होंने कोविड वैक्सीनेशन बूथ का भी निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों को कोविड वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिविर में एनसीडी कैंप व दिव्यांग सर्टिफिकेट की भी जानकारी ली। शिविर में आरबीएसके टीम के डॉ.ताहीर हुसैन द्वारा 148 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें से 25 बच्चों को उच्च उपचार के लिए रेफर किया तथा 14 बच्चों को मौके पर उपचार कर दवाईयां दी गई। इसी तरह 85 लोगों का शिविर में कोविड का वैक्सीनेशन किया गया। शिविर में 80 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई, 25 मरीजों को एनसीडी के तहत लाभान्वित किया गया। साथ ही तीन व्यक्तियों को मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कर इनके परिवार को लाभान्वित किया गया। मौसमी बीमारियों को देखते हुए गांव में 10 स्थानों पर एंटीलार्वल गतिविधियां कर 104 स्थानों पर टेमीफोस डाला गया। एएनसी के तहत 3 महिलाएं तथा बच्चों के टीकाकरण के तहत 3 बच्चों का टीकाकरण कर लाभान्वित किया गया।

शिविर में पाली एसडीएम देशलदान, विकास अधिकारी मोहनलाल चौधरी, बीसीएमओ डॉ.ओमप्रकाश चौधरी, सांपा सरपंच श्रीमती धापू देवी ओड, पंचायत समिति सदस्य विजय जोशी, शिविर प्रभारी डॉ.श्रीराम यादव, बीपीएम रूकसाना बानो, एएनएम पूर्णावती शर्मा, एलटी हनुमानसिंह, कोविड हैल्थ सहायक पूनम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# महिला मंडल अध्यक्ष प्रमिला बर्फा का किया सम्मान



**पुष्पाजंली टुडे पुणे।** सीरवी समाज पुणे द्वारा सीरवी समाज की होनहार प्रतिभा, समाज सेवी,महिलाओं के लिए सदैव सेवा कार्यों में त्तपर रहने वाली महिला मंडल की अध्यक्ष प्रमिला देवी बर्फा को रविवार 7 नवंबर को प्रशंसा पत्र देकर सम्मान व अभिनन्दन किया। सीरवी जय भवानी सेवा संस्थान संजय पार्क पुणे द्वारा 7 नवम्बर को आयोजीत समारोह में अखिल भारतीय सीरवी महासभा के राष्टीय पदादिकारीयो और संस्थान के वरिष्ट जनों ने गत 2015 से महिला मंडल अध्यक्ष के दायित्व पर रहकर अपनी सेवा देने पर प्रमिला भूपेन्द्र बर्फा का समाजी बन्धुओ ने जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया। सीरवी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी चंदाराम भायल का कहना है कि पिछले 2015 से प्रमिला देवी बर्फा ने महिलाओं का जो भी कार्यक्रम होता उनका प्रतिनिधित्व करती आ रही है। ये महिलाओं के लिए प्रेरणा दायक संदेश है। हमेशा सामाजिक कार्य सेवा के लिए त्तपर रही है। इस अवसर पर शंकर काग सीरवी स्मार्ट बाजार पुणे का बहुमान किया ।

## नवंबर माह में 7 दिन 7 ग्राम में मोतियाबिंद शिविर आयोजित करेगा महावीर इंटरनेशनल




रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे । बालाघाट । महावीर इंटरनेशनल लांजी के डिप्टी डायरेक्टर और चेयरमैन विशाल राउत खोंगल एवं टीम के द्वारा जिले की लांजी तहसील के विभिन्न गांवों में निञ्शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता रहा है, जिससे क्षेत्र के अनेक लोगों को इसका लाभ मिलता रहा। कोरोना के कारण ऐसे आयोजन स्थगित हो गए थे। देखा जाए तो क्षेत्र में मोतियाबिंद के अनेक मरी? है। व्योवद्ध पुरुष महिला एवं युवा वर्ग बच्चे जो इस बीमारी से पीड़ित है या इलाज नहीं करा पाए ऐसे लोग लोग बहार जाकर मोतीयाबिंद का आपरेशन नहीं करा पाए, ऐसे लोगों के लिए नेत्र शिविर का आयोजन कर निम्न वर्गीय परिवारों को लाभ पहुंचाना है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ सूवालाल की हबैली जौहा में भागवत महापुराण का हुआ शुभारंभ



पुष्पांजली टुडे अम्बाह । दिमनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जौहा सूवालाल की हबेली में कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। आज प्रथम दिवस में समस्त ग्राम की परिक्रमा करते हुये भव्य कलश यात्रा निकाली जिसमे आधा सैक?ा महिलाएं सिर पर कलश रखकर कथा का शुभारंभ किया। कथा के सरस प्रवक्ता श्रीधाम वृंदावन दाम मुरैना से पधारे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पंडित दाऊ दयाल शास्त्री के मुखाग्र से भागवत कथा का महातम अमृतमयी कथा की वर्षा हुई कथा परीछत जगदीश उपाध्याय मास्टर ने सभी महानुभाव गणमान्य नागरिको से आग्रह किया है कल सभी धर्म प्रेमी 12 नवंबर से 18 नवंबर तक लाभ ले सकते है जिसमे रिकू उपाध्याय सौनू उपाध्याय बिमल उपाध्याय ने सभी ग्राम बासियो से कथा सुनने का बिशेष आग्रह किया

## जैन समाज ने किया पत्रकारों का सम्मान

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**



एटा शहर के महावीर पार्क में कई दिनों से चल रहे जैन धार्मिक आयोजन में त्याग, तपस्या, परोपकार व अहिंसा परमोधर्मः और धार्मिकता का संदेश देते हुये गुरूवार की रात्री एक अदभुत सांस्कृति कार्यकम का मंचन किया गया । जिसे देख श्रद्धालुओं से भरा पंडाल तालियों की ग?ग?ाहट से गूंज उठा । कार्यक्रम के मध्य धर्म गुरु के निर्देश एवं संतों की सहमती पर आयोजन समिति द्वारा उपस्थित पत्रकारों को पट्टा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया 7 बतादें कि एटा शहर के महावीर पार्क में 1008 श्रीमज्जिनेन्द्र आदिनाथ जिनबिम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा के तत्वाधान में विश्व शान्ति एवं गजरथ महामहोत्सव का शुभारम्भ 7 नवम्वर से किया गया जो 13 नवम्वर दिन रविवार तक बदस्तूर जारी रहेगा 7 महामहोत्सव के दौरान धर्मपीठ पर विराजमान महामुनिराज एवं त्र्प्रषी और संतों की पावन उपस्थिति में जैन धर्म से जु? अनेकों धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न किये गये 7 इसी क्रम में महामुनिराज के निर्देशन पर जिला मुख्यालय के पत्रकारों को भी आयोजन समिति द्वारा पट्टा पहना और प्रतीक चिन्ह के रूप में जैन धर्म गुरु गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज एवं अन्य संत के चित्रों से सुसज्जित प्रेणना पत्र रूपी शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया 7 इस मौके पर पावन पंडाल में ब?ी संख्या में पत्रकार, जैन समाज के लोग और संत एवं समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे साथ ही महिला पुरुष बच्चों बुजुर्गों की भी? से भी कार्यक्रम स्थल भरा रहा।

## महाविद्यालय में वैक्सीन सेकंड डोज के संदर्भ में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया

**राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे**




पिछोर । शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी में कोविड 19 से बचाव हेतु वैक्सीनेशन के सेकंड डोज संबंध में राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय की इकाई ने जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें वैक्सीन लगवाने के आग्रह हेतु विविध प्रकार के स्लोगन के साथ-साथ लोगों को जागरूक करने हेतु नारे लगाए तथा इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने शपथ ग्रहण किया हम स्वयं भी वैक्सीनेशन करवाएंगे साथ ही समाज परिवार एवं मित्रगण सभी को वैक्सीनेशन का प्रथम एवं द्वितीय डोज लगवाने का आग्रह करेंगे उन्हें जागरूक करेंगे रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ केशव सिंह जाटव द्वारा रवाना किया गया एवं उन्होंने इस संबंध में छात्र छात्राओं को संबोधित किया इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर कमल किशोर यादव ने एवं दल नायक दीपक पाल ने छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई इस अवसर पर डॉक्टर भावना भटनागर डॉक्टर अक्षय कुमार जैन डॉक्टर करण सिंह जाटव डॉक्टर जगदीश आर्य एवं डॉ गिरीश नीखरा के साथ साथ महाविद्यालय के 80 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिले में शनिवार को 197 स्थानों पर होगा कोविड टीकाकरण

**पाली शहर में 7 तथा सोजत सिटी में दो स्थान पर लगेगी वैक्सीन**

**पुष्पांजली टुडे ब्यूरो नेनाराम सिरवी**

पाली । जिले में चल रहे कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत शनिवार को 197 स्थानों पर टीकाकरण सत्र आयोजित कर कोविड वैक्सीनेशन किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने बताया कि शनिवार 13 नवंबर को 18 वर्ष से अधिक आयु वाले समस्त लाभार्थियों तथा हैल्थ केयर वर्कर एवं फ्रंटलाइन वर्कर की प्रथम व द्वितीय डोज लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन अभियान में पाली शहर में 7, सोजतसिटी में 2, सुमेरपुर व सोजत ब्लॉक में 50-50, बाली ब्लॉक में 13, देसूरी ब्लॉक में 11, रानी ब्लॉक में 13, खारची ब्लॉक में 16, पाली ब्लॉक में 7, रायपुर ब्लॉक में 14, रोहट ब्लॉक में 9 तथा जैतारण ब्लॉक में 4 स्थानों पर वैक्सीनेशन के लिए सत्र आयोजित कर कोविड से बचाव के लिए टीका लगाया जाएगा।

## शास शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति के लिए दर-बदर हों रहे छात्र

**मध्यप्रदेश खनिज विभाग निगम अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल को भीम आर्मी स्टुडेंट फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन**

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे।**



बालाघाट जिले की विभिन्न महाविद्यालय में ओबीसी वर्ग के छात्र - छात्राओं की छात्रवृत्ति आ चुकी हैं। किन्तु प्रदेश के सबसे पुराने महाविद्यालय शासकीय शंकरसाव पटेल वारासिवनी में ओबीसी वर्ग के छात्र छात्राऐं छात्रवृत्ति से आज भी वंचित है। छात्रवृत्ति के संबंध में छात्र छात्राओं की समस्यायों को लेकर अनेक छात्र संगठन साथ आ चुके हैं। वही भिमआर्मी स्टुडेंट फेडरेशन वारासिवनी ने मध्यप्रदेश खनिज विभाग निगम अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर छात्रों की समस्या से अवगत कराया कि उनके द्वारा दिनांक 11 अक्टूबर 2021 को अनुविभागीय अधिकारी वारासिवनी जिला बालाघाट को ज्ञापन सौंपा गया, किन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। महाविद्यालय में भी विभागीय अधिकारी से छात्रवृत्ति की बात करते हैं, तो साधारण हवाला देते हुये हमको शांत कर दिया जाता हैं। संगठन ने निवेदन किया कि छात्रहीत की ओर ध्यान देते हुये ओबीसी वर्ग की छात्रवृत्ति महाविद्यालय से जल्द से जल्द प्रदान कराने की कार्रवाई करें।

**अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने की अधिकारियों से फोन पर चर्चा**

इस संबंध में ओबीसी महासभा वारासिवनी के ब्लाक अध्यक्ष केशरी नगपुरे ने बताया कि वारासिवनी विधानसभा के विधायक एवं मध्यप्रदेश खनिज विभाग निगम के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने ज्ञापन सौंपने आए विद्यार्थियों के सामने जिला कलेक्टर और अन्य अधिकारी से बात की जिन्होंने बताया की महाविद्याल से ही प्रिंसिपल एस डी तिरपुड़े द्वारा छात्रवृत्ति का फॉर्म फॉरवर्ड नहीं किया गया है। हमारे द्वारा पहले भी जिला कलेक्टर को ओबीसी महासभा द्वारा ओबीसी वर्ग की छात्रवृत्ति के लिए ज्ञापन दिया गया है। मंत्री जी ने आश्वासन दिया है की 15 दिन के अंदर ओबीसी वर्ग की छात्रवृति आ जायेगी। इस दौरान ओबीसी महासभा ब्लॉक अध्यक्ष वारासिवनी केशरी नगपुरे , ओबीसी छात्र मोर्चा अध्यक्ष विकेश चौधरी ,भीम आर्मी स्टूडेंट्स फैडरेशन अध्यक्ष अंकिता सेंडे, भीम आर्मी स्टूडेंट्स फैडरेशन उपाध्यक्ष पप्पू डोंगरे, नेहा रावड़े, वर्षा गजिभिए , राहुल गजभिए, मोहित सूर्यवंशी, अंजली माने, विष्णु प्रसाद बहेटवार ओबीसी महासभा , मंशी नगपुरे, संतोष भलावे, सरिता देशमुख, शिमा नेवारे , गजेश नगपुरे,राहुल मेश्राम, प्रज्वल पाठक, रोहित ,रितेश बारेवार ,पूनम ,अभय ,सीमा आदि छात्र मौजूद रहे ।

# स्वामी तेजानंद महाराज ने पीड़ित ज्वैलर्स व्यापारी माधुराम को न्याय दिलाया



पुष्पांजली टुडे, चैन्नई। शहर में क्रोमपेट चित्तालपाक्कम के गिरवी व्यापारी माधुराम के यहाँ पर कांचीपुरम जिले के मणिमंगलम थाने की पुलिस चोर को साथ लेकर पहुँची और चोर की झूठी निशानदेही पर 13 सवरण माल की माँग की थी।मामला ?ी था क्योंकि चोर ने चार साल पहले व्यापारी से लेनदेन बंद कर दी।प?पे पौन ब्रोकर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबूलाल चोयल ने पुलिस से वार्तालाप कर न्याय की गुहार लगाई मगर पुलिस नही मानी।इसके उपरांत माधुराम के समधी कमल (कोयलम्बाक्कम) ने तमिलनाडु पौन ब्रोकर्स एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज से हस्तक्षेप की मांग की।

स्वामी ने मणिमंगलम थानाधिकारी बालाजी को समझाया की व्यापारी निर्दोष है मगर उसके सिर में जूं तक नही रेंगीं। स्वामी ने कांचीपुरम पुलिस मुख्यालय में घटना की जानकारी दी मगर कोई हरकत में नही आया।आखरी में स्वामी ने कांचीपुरम जिला पुलिस अधीक्षक डॉक्टर सुधाकर से बात कर मामले में हस्तक्षेप की अपील की।स्वामी के अनुरोध को शिरोधार्य करते हुए पुलिस अधीक्षक(कांचीपुरम)डॉक्टर सुधाकर ने थानाधिकारी बालाजी को तुरंत प्रभाव से माधुराम को रिहा करने का आदेश जारी कर दिया।

पडपै अध्यक्ष बाबूलाल चोयल ने मणिमंगलम थाने जाकर माधुराम की सकुशल घर वापसी करवाई।

प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज ने अपने संपर्को का बखूबी इस्तेमाल करते हुए व्यापारी को न्याय दिलवाया और उसके 13 सवरण माल की रक्षा की।

# नवजात शिशुओं का उपखंड अधिकारी के उपस्थिति में मनाया जन्मदिन

**नेनाराम सिरवी पुष्पांजली टुडे**



पाली । राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत खेरवा के राजकीय विद्यालय प्रांगण में प्रशासन गांवों के संग शिविर आयोजित किया गया।प्रशासन गांवों के संग शिविर सरपंच संतोष कंवर राणावत शिविर प्रभारी पाली उपखंड अधिकारी आईएएस देसल दान पाली पंचायत समिति विकास अधिकारी मोहनलाल चौधरी तहसीलदार के सानिध्य में शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रशासन गांवों के संग शिविर का संचालन ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र पांडे ने किया।

प्रशासन गांव के संग अभियान में 7 नवजात बालिकाओं का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी दी गई।

नवजात शिशुओं का जन्म दिवस सरपंच संतोष कंवर राणावत सरपंच प्रतिनिधि भरत सिंह राणावत उपसरपंच मजीद खान तहसीलदार विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी आंगनवाड़ी कार्मिकों की मौजूदगी में मनाया गया।

शिविर में जिला प्रमुख रश्मि सिंह रोहट सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत पाली पंचायत समिति प्रधान मोहिनी पुखराज पटेल पाली सांसद पीपी चौधरी के प्रतिनिधि डीआर चौधरी स्थानीय जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भंवर लाल चौधरी पंचायत समिति सदस्य ओमकार सिंह बोराणा पाली पंचायत समिति सरपंच संघ अध्यक्ष दिलीप सिंह सोनीगरा गुंदोज भाजपा मंडल पूर्व अध्यक्ष उमेश सिंह सोनीगरा गुंदोज भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश राम पटेल पाली पंचायत समिति प्रधान भारतीय कुमावत टेवाली सरपंच जोगाराम कुमावत सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डेंगू के डंक से ग्रसित हुआ स्वास्थ्य विभागः प्लेटलेट्स कम होने से लोग तोड़ रहे है दम, अस्पताल में लैब टेक्नीशियन पर जांच नहीं

बदरवास।

हाल ही में स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के प्रति जागरूकता के अभियान चलाए थे। हालात इसके उलट विभाग की जागरूक नही हैं। बदरवास में लगातार आमजन डेंगू के डंक से घायल होकर दम तोड़ रहे है,स्वास्थ विभाग को इसकी खबर तक नही हैं,ओर स्वास्थय विभाग का सबसे बडा मजाक बदरवास पीएससी मे लैब टेक्नीशियन का पद हैं टेक्नीशियन भी है लेकिन वह किसी अन्य जगह पदस्थ है। बदरवास स्वास्थ केंद्र पर जाच की सुविधा है कि बात कह रहा है लेकिन बदरवास में अगर देखा जाए तो वर्तमान में प्लेटलेट्स कम होने की सर्वधिक समस्या सामने आई हैं। इसके चलते अभी तक पांच लोग दम तो? चुके है और एक दर्जन से ज्यादा उपचार करा रहे हैं। स्वास्थ बिभाग की सुविधाओं की आंक?ो कागजी घो? में किस प्रकार दौ?ाए जा रहे है इसको उजागर कर रहा है। आज जो आर्थिक रूप से सम्पन्न थे वह तो हर स्तर पर उपचार करा रहे है लेकिन जिनकी आर्थिक व्यवस्था नही है वह उपचार ओर जाच के अभाव में दम तो? रहे है। अगर बदरवास सीएससी के अंतर्गत देखा जाए तो दो पीएससी खतोरा एव रन्नौद एव 19 उप स्वास्थ्य केंद्र है लेकिन वर्तमान में बीमारियों पर रोकथाम या निरीक्षण महज कागजो में जरूर हो रहा है लेकिन धरातल पर कुछ और ही हकीकत है

प्लेटिन कम होने से इनकी हो चुकी है मौत

सर्व प्रथम बदरवास जनपद की ग्राम पंचायत झंडी के पूर्व सरपंच सतीश यादव बहादुरा की पत्नी पप्पी यादव उम्र 30 वर्ष को अचानक बुखार आया और जाच कराई तो महज 23 हजार प्लेटिन बची जिसे गवालियर जरोग्य के बाद दिल्ली बेदान्ता में उपचार के दौरान मृत्यु हुई अगर पीएससी खतोरा पर जाच सुबिधा उपलब्ध होती तो बीमारी ब?ा रूप लेने से पहिले पक? में आती और उचित उपचार मिलता यो मृत्यु नही होती। बदरवास तहसील में पदस्थ गिर्राज हिंडोलिया की छोटी सिस्टर नीतू उर्फ जुली उम्र 15 ग्वालियर अपोलो ग्वालियर में 10 हजार प्लेटिंस बची ओर उपचार के दौरान म्रत्यु हो गई।



### जिंदगी और मौत से जूझ रहे लोग

बदरवास में अमित जाटव जिनकी बदरवास में बुखार आया और उपचार कराते रहे जाच सुबिधा उपलब्ध ना होने गुना कंचन में जब जाच कराई तो 25 हजार प्लेटलेट्स बची जो अभी उपचार के दौरान जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा है।

### जाच सुबिधा ना होना बनी है परेशानी

बदरवास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उसके अंतर्गत आने वाले खतौरा एवं रन्नौद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी जांच सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण हालात बिगड़ रहे हैं जबकि जबकि बदरवास में लैब टेक्नीशियन की जगह तो है लेकिन वह अन्य स्थान पर अटैच है इसके अलावा जिम्मेदारों के द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

### अगर ब्लड नही मिला तो बढ़ जाती हैं परेशानी

वर्तमान में जिन मरीजों के प्लेटलेट्स कम होते हैं उक्त मरीजों के सामने बड़ी परेशानी आ जाती है क्योंकि ऐसे मरीज सामने आ रहे हैं जो प्लेटलेट्स कम होने पर उन्हें जब अचानक ब्लड की आवश्यकता पड़ती है तो उन्हें उक्त समय पर अगर ब्लड नहीं मिला तो ऐसे में अप्रिय घटना भी हो जाती है वैसे अगर देखा जाए तो जिला मुख्यालय पर ब्लड डोनेट करने वालों के द्वारा समय-समय पर ब्लड डोनेट किया जाता है लेकिन जब मरीज को आवश्यकता होती है तो उक्त समय पर मैं ब्लड उन्हें नहीं मिल पाता है

### क्या कहना है परिजन का

पहिले बुखार आया खतोरा बदरवास में कोई सुबिधा नही होने के कारण शिवपुरी पहुचे जहां 26 हजार प्लेटलेट्स बताई तो ग्वालियर ले गए जहां से दिल्ली में ले गए जहां जाकर मृत्यु हो गई।

**सतीश यादव मृतिका पप्पी यादव का पति**

जुली मेरी छोटी बहन है जो मेरे यहाँ आई उसके बाद उसको बुखार आया और फिर उसे उपचार हेतु ग्वालियर ले गए जहां 10 हजार प्लेटिंस बची ओर म्रत्यु हो गई अगर जाच सुबिधा होती तो शायद यह नही होती।

**गिर्राज हिन्दोलिया मृतिका का भाई**


### इनका कहना हैं

प्लेटलेट्स कम होना डेंगू के लक्षण है इसके लगातार मरीज भी आ रहे हैं लेकिन हमारे यहां जांच ना होने के कारण यह परेशानी है लेकिन वर्तमान में लिटिल कम होने वाले मरीज ज्यादा हमारे पास आ रहे हैं

**एच व्ही शर्मा**
**बीएमओ बदरवास**

## संक्षिप्त समाचार

### सर्राफा व्यापारी के साथ लूट का प्रयास, हवाई फायर, छत पर बैठी बेटी को लगे छर्रे



शिवपुरी। जिले के करैरा अनुविभाग के दिनारा कस्बे में तीन बाइक सवार बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी के साथ लूट की बारदात को अंजाम देने का प्रयास किया है। इसके चलते आरोपीयों नें व्यापारी को लूटने के उद्देश्य से फायर झौंक दिए। इस फायर के दौरान गोली के छर्रे पास में घर की छत पर बैठी 12 साल की बच्ची को लग गए। वहीं हमले में कारोबारी भी घायल हो गया है। हालांकि लूट का प्रयास सफल नहीं हो पाया और कारोबारी के नौकरों व भाई ने बदमाशों से बैग छीन लिया। जानकारी के अनुसार डाक बंगला के पास रहने वाला आभूषण व्यापारी अनिल सोनी पुत्र रामबाबू सोनी उम्र 40 गुरुवार को दुकान बढ़ाकर घर वापस जा रहे थे। शाम को करीब 6 बजे दुकान से थोड़ा आगे ही बाइक पर तीन बदमाश आए और अनिल सोनी को घेर लिया। एक बदमाश ने अनिल सोनी के सिर में कट्टे का बट मार दिया और गहनों से भरा हुआ बैग छुड़ा दिया। अनिल सोनी के साथ उनका नौकर अजय केवट भी थी। अजय ने हिम्मत दिखाते हुए खाने का टिफिन बदमाशों पर फेंककर मारा और उनसे बैग वापस छीन लिया। इतने में ही अनिल सोनी का भाई भी मौके पर आ गया। विरोध बढ़ता देख बदमाश घबरा गए और भागने के लिए हवाई फायर कर दिया। तीनों बदमाश चेहरा नकाब से ढ़के हुए थे। कट्टे से चली गोली के छर्रे पास में ही छत पर खेल रही शिवानी पुत्री मुकेश योगी उम्र 12 साल के पैर में लगे और वह घायल हो गई। घटना की सूचना पर करैरा एसडीओपी जीडी शर्मा भी मौके पर पहुंचे। अज्ञात बदमाशों पर लूट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### फुटबॉल टूर्नामेंट में मां जानकी सेना संगठन द्वारा किया गया पुरस्कार वितरण, स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद अति आवश्यक-विक्रम सिंह रावत

शिवपुरी। एक लंबी आयु जीने के लिए स्वस्थ शरीर का होना अति आवश्यक है उसी तरह एक स्वस्थ शरीर पाने के लिए हमें खेलकूद अति आवश्यक है यदि हम खेलकूद में रोजाना एक घंटा भी देते हैं तो हमारा शरीर स्वस्थ रहता है यह कहना रहा मां जानकी सेना संगठन के अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत का जो पोलो ग्राउंड पर आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट मां जानकी सेना संगठन के पदाधिकारियों के साथ आमंत्रण पर पुरस्कार वितरण हेतु पहुंचे थे। मां जानकी सेना संगठन मप्र को सुपर इंडिया क्लब के द्वारा आयोजित फुटबॉल मैच के समापन अवसर पर आमंत्रित किया गया जिसमे संगठन के वरिष्ठ संस्थापक पत्रकार ब्रजेश सिंह तोमर,अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत,नगर अध्यक्ष वैभव कबीर कुक्कू,उपाध्यक्ष परमानंद शर्मा, जय बैरागी,ब्रजेश सोनी,प्रमोद श्रीवास्तव,जगदीश सोनी,संगठन पदाधिकारी सदस्य मित्र शामिल हुए और मैच का आनंद लिया। विजेता टीम हिंद स्टार और उप विजेता टीम बापू टीम को संगठन के द्वारा नगद पुरुस्कार से सम्मानित किया गया एवं संगठन के सक्रिय सदस्य जगदीश सोनी के द्वारा दोनो टीमों के 22 खिलाड़ियों को चांदी के सिक्के एवं मिठाई भेंट की गई। जानकी सेना संगठन द्वारा सभी आयोजकों अंगद सिंह तोमर बीआरसी,प्रशिक्षक एवं क्लब सदस्यों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। दोनो टीमों को संगठन द्वारा शुभकामनाएं दीं।



### दिव्यांगों के लिए राहत भरी खबर- मिलेगी बस किराए में 50 प्रतिशत की छूट

शिवपुरी। सभी तरह की बसों में दिव्यांगजनों को यूनिक आईडी दिखाने पर किराए में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी।परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के जिले के सभी क्षेत्रीय अतिरिक्त एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश के राजपत्र में 24 नवम्बर 2016 को किये गये प्रावधान के तहत समस्त प्रक्रम बस सेवाओं में विभिन्न प्रकार के दिव्यांग व्यक्तियों को प्रभारित किराए में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी, यदि वे सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करते हैं।दिव्यांगजनों द्वारा भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय अथवा राज्य सरकार द्वारा जारी यूनिक आईडी (युडीआईडी) के तहत जारी किये गये परिचय-पत्र दिखाए जाने पर किराए में 50 प्रतिशत की छूट का लाभ दिया जाये।

## जिला अस्पताल में पर्चे खोने से मरीज हुए परेशान, नर्स बोली- हमारी गलती है हम ढूंढ़वा रहे हैं

शिवपुरी।




जिला अस्पताल के मेडीकल वार्ड से शुक्रवार की सुबह करीब एक दर्जन से ज्यादा मरीजों के पर्चे खो गए। जिसकी वजह से उन्हें इलाज नहीं मिल सका जहाँ राउंड पर आए डॉ दिनेश राजपूत ने जब मरीजों की केस शीट मांगी तो ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग स्टाफ उपलब्ध नहीं कर सका। इसके बाद डॉक्टर ने इस लापरवाही पर सार्वजनिक रूप से नाराजगी जाहिर की और यह कह कर मरीजों को देखे बिना चले गए कि वह अब इन्हें कैसे देखें, और मरीजो को क्या दवा दें। इस पूरे मामले पर नर्सिंग स्टाफ ने भी स्वीकार किया कि उनकी गलती है वह केसशीट ढूंढ़वा रही हैं। अगर केसशीट नहीं मिलेगी तो उसका भी कोई तरीका तलाशा जाएगा।

### एक घंटे तक मचा हड़कंप, तब मिली केसशीट

केसशीट गायब होने के बाद मेडीकल वार्ड में हड़कंप की स्थिति बनी रही। मरीज भी परेशान होते रहे कि अब उनका इलाज कैसे होगा यह मामला जब सिविल सर्जन डॉ राजकुमार ऋषिस्वर के संज्ञान में लाया गया तो उन्होंने मामले की जानकारी ली, जिसके बाद यह केसशीट मिली।

## लायन्स क्लब साउथ का स्वास्थ्य शिविरः हृदय रोग से पीडित 23 बच्चों का भोपाल में होगा इलाज

शिवपुरी।



मानव स्वास्थ्य को लेकर शहर की समाजसेवी संस्था लायन्स क्लब शिवपुरी साउथ के द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सिद्धांता रेडक्रास सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल भोपाल के तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्थानीय जिला चिकित्सालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए लायन्स क्लब शिवपुरी साउथ के अध्यक्ष ला.राकेश जैन (प्रेमस्वीट्स) एवं सचिव हेमंत नागपाल ने संयुक्त रूप से बताया कि हृदय रोग से पीड़ित मरीजों के लिए संस्था के द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों एवं महिला-पुरूषों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सिद्धांता रेडक्रास सुपर स्पेशयल्टी हॉस्पिटल भोपाल के तत्वधान में जिला चिकित्सालय में लगाया गया यहां करीब 200 से अधिक मरीजों ने पंजीयन कराकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया जिसमें जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ हृदय रोग चिकित्सकों के द्वारा परीक्षण में 85 बच्चों का व 23 पुरूषों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 23 बच्चों को हृदय रोग से पीड़ित पाया जिनका इलाज भोपाल के मेदांता अस्पताल में जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किया जाएगा। शिविर में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम, सीएमएचओ डॉ.पवन जैन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.संजय ऋषिश्वर मौजूद रहे जिन्होंने शिविर की शुरूआत में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयोजित शिविर को सराहा। कार्यक्रम का संचालन महिपाल अरोरा ने जबकि आभार प्रदर्शन सचिव हेमंत नागपाल द्वारा व्यक्त किया गया। बता दें कि शिविर में उन मरीजों का इलाज किया गया जो हृदय रोग के चलते अपने स्वास्थ्य को लेकर चिंतित थे इन हालातों में समाजसेवी संस्था लायन्स क्लब शिवपुरी साउथ के द्वारा हृदय रोग से पीड़ित मरीजों की सुध लेते हुए यह एक दिवसीय शिविर जिला चिकित्सालय में लगाया गया जहां सिद्धांता रेडक्रास सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाऐं देकर यहां हृदय रोग मरीजों का परीक्षण करते हुए उपचार प्रदान किया और इसमें गंभीर मरीजों को चिह्नित करते हुए उनका उपचार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत भोपाल में किया जाएगा।

## अंचल में बड़ा कट्टू वाहन का चलन : गाय के रमहाने की आवाज से शिवपुरी में पकड़े गए गो तस्करी के आरोपी उड़ीसा जा रहा था गोवंश

शिवपुरी।

पडोरा पुल के पास शुक्रवार की सुबह बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक कंटेनर में कीमती सामान की तरह छिपा कर जयपुर से उड़ीसा ले जाया जा रहा गौवंश पकड़ा है। हालांकि कंटेनर को कोलारस पुलिस को सौंप दिया गया है। बजरंगियों ने पकड़े गए कन्टेनर चालक छुट्टन मोहम्मद और रहीस खान निवासी टोंक से बात की तो उनका कहना था कि इस तरह से लोग समझ नहीं पाते हैं कि इसमें गौवंश हो सकता है। इसलिए इन्हें कंटेनर में कीमती सामान की तरह ले जाते हैं। यह गौवंश इस कारण से पकड़ में आ गया कि कंटेनर से गौवंश के रमहाने की आवाज किसी राहगीर ने सुन ली। जिसकी सूचना उन्होंने तुरंत बजरंगियों को फोन पर दी।





### ऊपर से काट रखी थी छत

गौ तस्करों ने कंटेनर को चारों तरफ से सामान्य रूप से पूरी तरह पैक कर रखा था, लेकिन ऊपर की छत गायब थी ताकि वाहन में क्रूरता के साथ भरे गए मवेशियों को हवा मिल सके और वह गंतव्य तक पहुंचने तक जीवित रह सके।



### कूद कर भाग गए दो लोग

जब बजरंगियों ने इस कंटेनर को रुकवाया तो कंटेनर पर बैठे दो लोग वहां से भागने में सफल हो गए। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह लोग संभवतः इन मवेशियों के सौदा करने वाले सौदागर रहे होंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आनंद बने पुनः शासकीय अध्यापक संगठन के प्रांतीय प्रवक्ता

### मध्यप्रदेश शासकीय अध्यापक संगठन भोपाल ने किया कार्यकारिणी विस्तार



शिवपुरी।

मध्य प्रदेश शासकीय अध्यापक संगठन के नवीन प्रदेशाध्यक्ष राकेश दुबे के निर्देशानुसार संगठन को मजबूत करने एवं समस्याओं के निराकरण के लिए आंदोलन खड़ा करने के उद्देश्य से सभी जिलों में नवीन जिला कार्यकारिणी गठित कर संगठन का विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष राकेश दुबे द्वारा संगठन हित में जिला स्तर पर मार्गदर्शन के लिए संजीव अग्रवाल, उच्च माध्यमिक शिक्षक नरवर, राकेश सरैया उच्च माध्यमिक शिक्षक, बदरवास को मध्यप्रदेश शासकीय अध्यापक संगठन का संरक्षक बनाया गया है।शासकीय अध्यापक संगठन के शिवपुरी कार्यवाहक जिलाध्यक्ष संजय पाराशर एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता भदौरिया ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश सह सचिव श्रीमती दीपा सिंह दांगी की अनुशंसा पर विकासखंड अध्यक्षों का मनोनयन किया गया है जिसमें नरवर ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर, पिछोर ब्लॉक अध्यक्ष कमल सिंह कलावत,बदरवास ब्लॉक अध्यक्ष हरिराम यादव, खनियाधाना ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश सिंह तोमर, करैरा ब्लॉक अध्यक्ष वाली राम जाटव, कोलारस ब्लॉक अध्यक्ष दीपक भगोरिया का मनोनयन जिला अध्यक्ष पवन अवस्थी द्वारा किया गया है। सभी मनोनीत पदाधिकारियों ने संगठन को आश्वस्त किया है कि वे सदैव कर्मचारी हित में ईमानदारी व पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते रहेंगे । सभी पदाधिकारियों के मनोनयन पर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।



# पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने आरोपियों पर कार्रवाई के लिए एसडीएम व एसपी को दिया शिकायती आवेदन, एफआईआर की मांग

### मेहगांव तहसील में प्राणघातक हमला करने वालों के विरुद्ध जांच उपरांत कठोर धाराओं में मामला दर्ज करने की रखी मांग, वीडियों में मामला हुआ कैद



भिण्ड। पूर्व सदस्य जिला पंचायत भूपतसिंह जादौन निवासी ग्राम व पोस्ट बघौरा थाना मेहगांव ने पुलिस अधीक्षक मनोजकुमार सिंह व एसडीएम को एक शिकायती आवेदन दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि प्रार्थी ने हमेशा अन्याय का किया है तथा समाज में पति अष्टचार अनाचार की उजागर करने की कोशिश की है। पिछले दिनो ग्राम पंचायत सायना थाना बरासी (मेहगाव) के सरपंच/सचिव तथा रोजगार सहायक द्वारा कूटरचना कर मरे हुए व्यक्ति को मनरेगा की मजदूरी करते हुए दर्शाकर उनकी राशि का आहरण किया गया था, उसकी शिकायत 28 सितंबर 2021 को प्रस्तुत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी बरासों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये थे, लेकिन आज तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई।

ग्राम पंचायत सायना के सरपंच का उक्त कृत्य उजागर हो जाने के कारण उनका लड़का सूरज सिंह, भोलू प्रार्थी के खून का प्यासा हो गया है, इसलिए गुरुवार को मेहगांव के सबसे सुरक्षित क्षेत्र तहसील परिसर में देखने को मिली । प्रार्थी अभिभाषक शैलेन्द्रसिंह भदौरिया की सीट पर अपना शपथ-पत्र तैयार करवाने के लिए बैठा था, उसी दौरान सूरज उर्फ भोलू तथाा जघन्य अपराधो को घटित करने वाला कुख्यात निगरानी बदमाश मुकेश उर्फ मुक्के पुत्र देवेन्द्रसिंह निवासी सायना ने आकर प्रार्थी के ऊपर अचानक से डंडों से, पाइप से तथा जूतों से हमला कर दिया तथा बुरी-बुरी मा बहिन की गालियां देने लगा, और कह रहे थे कि मनरेगा कार्यों की ज्यादा शिकायत करता है तुझे आज ही यहीं मार देंगे। हमलावर प्रार्थी को घसीटकर ले जाने का प्रयास कर रहे थे, ताकि जान से मार सके। परन्तु वहां मौजूद अभिभाषक शैलेन्दसिंह भदौरिया, अभिभाषक उदय सिंह नरवरिया, अभिभाषक उम्मेद सिंह भदौरिया तथा अन्य लोगों ने काफी जद्दोजहद के बाद प्रार्थी को बचा लिया। जिन्होंने अपने मोबाइल से की आरोपीगणों की वीडियोग्राफी बनायी। जिसकी शिकायत करने के लिए थाने में शिकायत करने गया तो वहां पर हमलावर सूरज सिंह उर्फगोलू पहले से ही मौजूद था। प्रार्थो को लॉकअप में बन्द करवा दिया तथा प्रार्थी का मोबाइल मो जब्त कर लिया गया। प्रार्थी के भाई जो शासकीय कर्मचारी है, प्रार्थी को देखने थाने में आये तो उन्हें भी लॉकअप से बन्द कर दिया। सूरजसिंह उर्फमोलू की ओर से पार्थी तथा प्रार्थी के भाईयों के ऊपर धारा 323, 294, 506, 34 में एफआईआर दर्ज करा दी। और प्रार्थी की और से दिये गये आवेदन के आधार पर पुलिस थाना मेहगांव द्वारा 323, 294, 506, 34 भी दर्ज कर क्रॉस केस बना दिया गया। लेकिन प्रार्थी को अपराधीगण अपहृत करने की कोशिश कर रहे थे, उसकी धारा नहीं लगाई। इसलिए पुलिस अधीक्षक व एसडीएम से आरोपीगणों के विरुद्ध वीडियो के आधार पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर एवं एसपी ने अटल प्रोग्रेस वे हेतु भूमि अधिग्रहण के संबंध में कृषकों से की चर्चा



भिण्ड। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं एसपी मनोज कुमार सिंह ने अटल प्रोग्रेस वे हेतु भूमि अधिग्रहण के संबंध में शा.हाईस्कूल बरही में कृषकों की बैठक ली। इस दौरान एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने शा.हाईस्कूल बरही में अटल प्रोग्रेस-वे हेतु भूमि अधिग्रहण के संबंध में कृषकों से चर्चा की। उन्होंने नक्शे के माध्यम से निजी, शासकीय भूमि एवं बेहड़ वाले क्षेत्र को देखा साथ ही कृषकों को उनकी अधिग्रहित भूमि के स्थान पर भूमि का आवंटन कहां किया जा रहा है, के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्रामीणजनों से चर्चा कर कहा कि अटल एक्सप्रेस-वे के क्षेत्र में पानी, बिजली की सुविधा विकसित होगी।

### कैरियर काउसंलर एवं विषय विशेषज्ञ हेतु आवेदन 19 नवम्बर तक करे जमा

भिण्ड । जिला रोजगार कार्यालय भिण्ड द्वारा युवाओं के लिए कोविड 19 प्रोटोकाल के साथ निःशुल्क कैरियर काउंसलिंग की सुविधा शुरू की जाएगी। इस काउसलिंग योजना से जुडने के लिए कैरियर काउसंलर एवं विषय विशेषज्ञ हेतु आवेदन कर सकते है। कउसंलर हेतु योग्यता साइकोलाजी में एमए/पीजी डिप्लोमा है जबकि विशेषज्ञ हेतु कोई निर्धारित योग्यता नहीं है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19 नवम्बर 2021 निर्धारित की गई है। आवेदन जिला रोजगार कार्यालय भिण्ड से आवेदन फार्म प्राप्त कर नहीं पर जमा किये जा सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय भिण्ड में संपर्क करें।

### कनाथर में चल रही भागवत में भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

भिण्ड। मेहगांव क्षेत्र के ग्राम कनाथर में मड़ैयन वाले शिव मंदिर पर चल रही श्रीमद भागवत कथा एवं में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पंडित विमल कृष्ण शास्त्री के मुखाग्र से भागवत महात्म्य की कथा, धुंधकारी व गौ करण के मोक्ष की कथा हुई। आज की कथा में कथा वाचक ने कलयुग को चार जगह स्थान दिया गया जिसमें सोने में, जुआ में, स्त्री व्यभिचार में, झूंठ में दिया गया। जिसके बाद कलयुग ने राजा परीक्षित से पांचवा स्थान मांगा और कलयुग को झूठ, फरेब, छल कपट जहां हो वहां भी स्थान दिया गया। कथा में भागवत के महात्म्य में राजा परीक्षित के सोने के मुकुट में कलयुग का वास हुआ और जिसके बाद उनकी मति भ्रष्ट हो गई। भागवत कथा के पारीक्षत एवं आयोजक आशाराम त्यागी ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से भागवत कथा को सुनकर धर्म लाभ लेने का आव्हान किया है।

# अटेर अंचल की धार्मिक भावनाओं से ना हो खिलवाड़ : बौहरे

भिण्ड। कार्तिक पूर्णिमा से पूर्व बटेश्वर धाम में दीपदान के लिये जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु अटेर चंबल घाट पर नाव संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। अटेर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी समाजवादी नेता बीके बौहरे द्वारा अटेर अंचल की जनसमस्याओं के प्रभावी समाधान हेतु गांव गांव जारी जन संवाद यात्रा के दौरान संकलित की गई अति गंभीर समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम एसडीएम अटेर उदयवीर सिंह के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि सुप्रसिद्ध तीर्थ बटेश्वर धाम (बाह,आगरा) में प्रतिवर्ष कार्तिक माह में लगने वाले प्रसिद्ध मेले में अटेर अंचल के ग्रामीण भारी तादात में भाग लेते हैं विशेषकर पूर्णिमा के दिन होने वाले दीपदान कार्यक्रम में अंचल से हजारों की संख्या में ग्रामीण जन बटेश्वर धाम में एकत्रित होते हैं। इस बार के मेले में भाग लेने हेतु अटेर चंबल घाट पर नाव की सुविधा न होने से अंचल के ग्रामीण जन बेहद आक्रोशित हैं अतः अंचल के ग्रामीण जनों की धार्मिक भावनाओं की कद्र करते हुए तत्काल आगरा डीएम से बात कर कार्तिक पूर्णिमा से पूर्व नाव संचालन की



वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। साथ ही ज्ञापन में मांग की गई कि इस वर्ष अंचल में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित हुए लोगों के मुआवजा वितरण में भारी भेदभाव पूर्ण अनियमितताओं की शिकायत अंचल के ग्रामीण जनों ने की है जो कि बेहद गंभीर विषय है क्योंकि भिंड जिले को संपूर्ण रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया है अतः पिछले वर्ष के बाढ़ पीड़ितों की पुरानी लिस्ट निकलवाकर अटेर अंचल के बाढ़ से पीड़ित हुए सभी किसानों को तत्काल एक समान मुआवजा वितरण किया जावे।इस अवसर पर एडवोकेट अजय आर्य, इंदल सिंह यादव, बृजेश दीक्षित, राधाकमल पुरोहित, अनवर सिंह यादव, नरसिंह जम्हौरा, पप्पू घिनोंची, शिव कुमार दीक्षित, कल्लू दादा, जसमंतसिंह नावली हार, संजय पुरोहित, रामनरेश यादव, वीरेंद्र यादव खेमराज खिदरपुरा, रामशंकर यादव नावली हार, उदय वीर सिंह, नावलीहार अनिल कुमार दीक्षित, संतोष यादव, नरसिंह, संतोष शर्मा उद्योग गढ़ सहित तमाम ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# गाता गांव में चार महीने पानी की सप्लाई थप, बूंद - बूंद के लिए परेशान लोग

**बृजपाल सिंह गुर्जर**
**दैनिक पुष्पांजलि टुडे।**

भिण्ड। विधानसभा मेहगांव गाता गांव में चार महीने से पानी की सप्लाई बंद है। पानी के लिए ग्रामीण 4 किलोमीटर दूर से भरने के लिए परेशान है। लेकिन लेकिन अधिकारियों की मनमानी से इस समस्या की और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। आज से एक साल पहले नल जल योजना के तहत गाता गांव में मीठे पानी का बोरवेल सहित नई पाइप बिछाना स्वीकृत हुआ था । जिसकी मंजूरी के बाद ठेकेदार ने 22 लाख की लागत से पाइप लाइन तो बिछा दी, लेकिन पी एच ई विभाग की मनमानी से बोरवेल नहीं कराया गया। जिससे ग्रामीणों की समस्या जस की तस बनी हुई है।

आज से लगभग दस साल पहले नल की मंजूरी हुई थी, जिसमे पाइप लाइन बिछाने के साथ साथ जो बोरवेल हुआ उसमे खारा पानी निकला। फिर अधिकारियों ने औपचारिकता करते हुए उसी खारे पानी की सप्लाई चालू कर दी, जिसे ग्रामीणों ने मजबूरन उस पानी का उपयोग करना पड़ा। खारे पानी की वजह से लोगो के मकान, कूलर आदि खराब होने लगे।ग्रामीणों को मांग पर एक साल पहले शासन ने फिर से नल जल योजना के तहत फिर से नई पाइप लाइन व नया बोरवेल स्वीकृत करवाया लेकिन पी एच ई विभाग ने पाइप लाइन बिछाने के बाद फिर से उसी खारे पानी के बोरनेल में जोड़कर पूरी योंजना पर लीपापोती करके चलते बने।



**पी एच ई विभाग यहां है मुख्य लापरवाही**

1. नई पाइप लाइन को पुराने खारे पानी के बोरवेल से जोड़ दिया जिससे ग्रामीणों को समस्या जस की तस बनी हुई है, जबकि नया बोरवेल स्वीकृत है।

2. पाइप लाइन पूरी होने के बाद ना तो पंचायत के हेंड ओवर की ना विभाग के तरफ से किसी कर्मचारी को नियुक्त किया जिस कारण 4 महीने से नल बंद पड़े हुए है।

**इनका कहना है :** कई पीढ़ियों से गांव के लोग पानी की समस्या से जूझते आ रहे है लेकिन अधिकारियों की लापरवाही व मनमानी के कारण हमे नहीं लगता कि गांव की समस्या कभी खत्म होगी।

**नीतेश शर्मा ग्रामीण**

हमारे क्षेत्रिय नेता भी हमारी मूलभूत समस्याओं की ओर ध्यान नहीं देते है जबकि सभी जानते है गाता गांव में हमेशा से पानी की समस्या रही है। हमारी जन्मजात समस्या का निदान ही क्षेत्री नेता नहीं करेगे तो अन्य समस्या की क्या आशा करे। आगामी चुनाव में हमे कुछ नया विचार करना पड़ेगा।

**सतीश सिंह ग्रामीण**

क्षेत्रीय नेता चुनाव के समय आश्वासन तो दे जाते है लेकिन फिर पीछे मुड़कर नहीं देखते। आगामी चुनाव में हमे कोई नया विकल्प देखना पड़ेगा।

रामरतन सिंह ग्रामीण

इस गांव में खारे पानी की बजह से गांव में कई लड़के रह जाते हैं क्वारे लड़की वाले देखने आते हैं और पानी की समस्या देख बापस लोट जाते हैं।

# अटेर किले का होगा जीर्णोद्धार: सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह

### सहकारिता मंत्री के प्रयास से अटेर किला आगरा, ग्वालियर व दिल्ली से आने वाले पर्यटकों के लिए दर्शनीय पर्यटन स्थल बनेगा

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे 9826576206**



भिण्ड। चंबल नदी के पश्चिमी तट पर अटेर विधानसभा में स्थित 17 वी सदी के स्थापत्य कला के पुरातात्विक महत्व का किला है, अटेर किला भिंड जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर की दूरी पर अटेर विधानसभा में स्थित है तथा इसके एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने की संभावनाएं विद्यमान है। 17 वीं सदी के भदावर राजवंश के राजा बदनसिंह द्वारा इसका निर्माण कराया गया था। इसमें 17वीं सदी के भदावर राजवंश की गौरवशाली इतिहास की झलक दिखाई देती है। किले के निकट प्रवाहित होती चंबल नदी का मोहक दृश्य भी इसके सौंदर्य में अभिवृद्धि करता है। नदी का यह विहंगम दृश्य बहुत मनमोहक है किले के परिसर में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की भी योजना है। यह नदी किले के निकट अंग्रेजी के अक्षर यू के आकार में प्रवाहित होती है । किले की प्राचीन स्थापत्य कला दर्शनीय है। किले में विद्धमान आदर्श पर्यटन स्थल की संभावनाओं के दृष्टिगत ए इसे विकसित करने की ओर शासन का ध्यान आकर्षित किया गया है।

### अटेर किला जीर्णोद्धार के लिए 1 करोड 12 लाख 19 हजार की राशि स्वीकृत

सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने बताया कि पुरातात्विक महत्व की इस धरोहर को संरक्षित करने एवं पर्यटन की संभावनाओं को आकार देने के लिए अटेर किले के जीर्णोद्धार का कार्य किया जाएगा । इसके लिए शासन से 1 करोड़ 12 लाख 19 हजार की राशि की स्वीकृती भी मिल गई है। जल्द इसका टेंडर होकर इसका कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। जिससे लोग किले के पुराने वैभव को देखने और पर्यटन का आनंद ले सकेंगे। आगरा, ग्वालियर व दिल्ली से आने वाले पर्यटकों के लिए यह किला दर्शनीय पर्यटन स्थल बनेगा। पर्यटक चंबल नदी के किनारे पेड़ पौधों के मध्य वादियों में प्रकृति का आनंद ले सकेंगे।

### यहां पर किया जायेगा मरम्मत कार्य

सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. भदौरिया ने बताया कि प्राचीन स्थापत्य कला की निर्माण शैली वाला अटेर किला संरक्षण के अभाव में विकसित नहीं हो सका । किले के भीतरी और बाहरी स्वरूप को उसके 17 वी सदी में लाने के लिए किले का जीर्णोद्धार किया जाना आवश्यक है । जीर्णोद्वार में मुख्य रूप से किले के बाहरी मुख्य द्वार सतखंडा, दरबारे आम, हाथीखाना, दक्षिण की ओर स्थित भीतरी दीवार, भूमिगत गैलरी, सैयद गेट, किले के आंतरिक और बाहरी पार्श्व कक्ष के संधारण और मरम्मत के कार्यों को किया जाएगा।

# कनाथर में चल रही भागवत में भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

**बृजपाल सिंह गुर्जर**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव। मेहगांव क्षेत्र के ग्राम कनाथर में मड़ैयन वाले शिव मंदिर पर चल रही श्रीमद भागवत कथा एवं में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पंडित विमल कृष्ण शास्त्री के मुखाग्र से भागवत महात्म्य की कथा, धुंधकारी व गौ करण के मोक्ष की कथा हुई। आज की कथा में कथा वाचक ने कलयुग को चार जगह स्थान दिया गया जिसमें सोने में, जुआ में, स्त्री व्यभिचार में, झूंठ में दिया गया। जिसके बाद कलयुग ने राजा परीक्षित से पांचवा



स्थान मांगा और कलयुग को झूठ, फरेब, छल कपट जहां हो वहां भी स्थान दिया गया।

कथा में भागवत के महात्म्य में राजा परीक्षित के सोने के मुकुट में कलयुग का वास हुआ और जिसके बाद उनकी मति भ्रष्ट हो गई।

भागवत कथा के पारीक्षत एवं आयोजक आशाराम त्यागी ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से भागवत कथा को सुनकर धर्म लाभ लेने का आव्हान किया है।

इसके साथ प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से भगवान राम के चरित्र पर भव्य रामलीला का भी आयोजन होगा।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव के ब्राह्मण, बनिया जेब में बयान की ब्राम्हण संघ ने घोर निंदा की



भिण्ड। श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदेश प्रभारी श्यामसुंदर शर्मा ने भाजपा मप्र के प्रभारी मुरलीधर राव के ब्राह्मण, बनिए हमारी जेब में बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं का ऊलजलूल बयान ब्राह्मण, बनिया समाज का अपमान है। इस मामले को हाईकमान संज्ञान लेकर मुरलीधर के खिलाफ कार्यवाही करें।मप्र के चुनाव में ब्राम्हण के कोप से भाजपा को सत्ता से दुर रहना पड़ा था।ऐसे लोग गलत बयानबाजी कर पार्टी को नुकसान पहुचाने का कार्य करते हैं।अतः ऐसे लोगो के खिलाफ पार्टी को सख्त कार्यवाही करना चाहिये। भाजपा पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव ब्राह्मण समाज से माफी मांगे। उन्होंने कहा कि ऐसा बयान देने वाले पर कार्यवाही हो, अन्यथा ब्राह्मण समाज को सड़क पर उतर कर भाजपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। श्री परशुराम सर्व ब्राम्हण संघ के प्रदेश अध्यक्ष इंजी विजय शर्मा, उपाध्यक्ष महेश श्रोतीय, प्रदेश सचिव अबधेश शर्मा, कार्यकारी युबा प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज पांडेय, प्रदेश सचिव दीपक शर्मा, सीताराम नारोलिया, जिलाअध्यक्ष श्रीकृष्ण कटारे सहित सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में घोर निंदा की है।

# किसानों के लिए नई बिजली दरें लागू

## ग्वालियर, चंबल अंचल सहित प्रदेश के 16 जिले के किसानों को दी है राहत

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कृषि उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। कंपनी ने भोपाल सहित, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग के 16 जिलों के कृषि उपभोक्ताओं के अस्थायी सिंचाई पंप कनेक्शन के लिए नई बिजली दरें लागू की हैं. यह दरें सिंगल फेज और 3-फेज पर लागू की गई हैं. अब गांव के उपभोक्ताओं को तीन महीने के लिए सिंगल फेज 1-एचपी अस्थायी कृषि पंप कनेक्शन के लिए सब्सिडी सहित कुल 1843 रुपये ही देने होंगे. जबकि, इससे पहले फिक्स चार्ज, इनर्जी चार्ज सहित किसान 4222 रुपये देते थे. इसी तरह 3-फेज अस्थायी 3-एचपी कृषि पंप कनेक्शन के लिए लोगों को तीन महीने के लिए फिक्स चार्ज, इनर्जी चार्ज सहित कुल 4879 रुपये देने होंगे. कंपनी की अस्थायी कृषि पंप कनेक्शन की ये नई दरें 1 नवंबर से लागू होंगी.



### किसानों को इस बात का डर

बताया जाता है कि, कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी देश की कुल बिजली बिक्री में करीब 22 फीसदी है. वर्तमान में देश के 5 राज्यों में किसानों को फ्री बिजली मिल रही है. इनमें पंजाब, तमिलाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं. इस फ्री बिजली को लेकर केंद्र सरकार अब नया नियम ला सकती है. सरकार बिजली संशोधन अधिनियम पेश कर फ्री बिजली पर रोक लगा सकती है. उसके बाद राज्य सरकारें किसानों से बिजली बिल लेने पर मजबूर हो जाएंगी. खेती के लिए असीमित बिजली का इस्तेमाल नहीं हो सकेगा. अधिनियम के मुताबिक, इसके किसानों को बिजली बिल का भुगतान करना होगा, बाद में राज्य सरकारें चाहेंगी तो किसानों को सब्सिडी देंगी. इससे अब किसानों को ये डर है कि खेती के लिए मिलने वाली ये सब्सिडी धीरे-धीरे खत्म न हो जाए।

कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि अगर किसान साल 2021-22 में अस्थायी कृषि पंप कनेक्शन लेना चाहते हैं तो उन्हें नए टैरिफ आदेश के मुताबिक कम से कम तीन महीने का अग्रिम भुगतान देना जरूरी है. बता दें, विद्युत सप्लाई कोड 2013 में कुछ प्रावधान किए गए थे. उनके मुताबिक, जिन उपभोक्तों के पंप कनेक्शन पर उचित रेटिंग वाला कैपेसिटर लगा हुआ है, उनके कैपेसिटर सरचार्ज का भुगतान कंपनी नहीं लेगी. मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने टैरिफ के मुताबिक अस्थायी कृषि पंप की दरें निर्धारित की हैं. जबलपुर स्थित एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी त्रैमासिक आधार पर ईंधन प्रभार की गणना करेगी।

### तीन चरणों में होंगे पंचायत चुनाव

# मोदी के भोपाल दौरे के बाद कभी भी हो सकता है पंचायत चुनाव का ऐलान

**भोपाल।** प्रदेश में पंचायत चुनाव जल्दी हो सकते हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 15 नवंबर को भोपाल दौरे के बाद तारीखों का ऐलान हो सकता है। चुनाव तीन चरण में होंगे। कोरोना के बावजूद सरपंच और पंचों की सुविधा को देखते हुए उन्हें ऑनलाइन नामांकन न भरके पहले की तरह निर्वाचन कार्यालय में फॉर्म भरने की छूट रहेगी, लेकिन जिला पंचायत के लिए ऑनलाइन नामांकन होगा। जिला और जनपद में ईवीएम से वोटिंग होगी और ग्राम स्तर पर मतपत्र डाले जाएंगे।

जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 नवंबर को भोपाल में होने वाले कार्यक्रम के बाद कभी भी पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान हो जाएगा।

चुनाव तीन चरणों में होंगे. पंचायत चुनाव के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण होना बाकी है। आरक्षण प्रक्रिया पूरी होते ही राज्य निर्वाचन आयोग पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान कर देगा।



### ऑनलाइन और ऑफलाइन नामांकन

जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य पद को ऑनलाइन नामांकन करना होगा। राज्य लोक सेवा अधिकरण ने ऑनलाइन नॉमिनेशन करने के लिए प्रत्याशी लोक सेवा केंद्र एमपी ऑनलाइन किओस्क से नॉमिनेशन फॉर्म के लिए 35 देकर नॉमिनेशन भर सकेगा. नामांकन पत्र भरने के बाद उसका प्रिंट आउट लेने पर हर काफी पर 5 अतिरिक्त देना होगा.

### इन पदों के लिए ईवीएमऔर बाकी जगह मतपत्र का इस्तेमाल

चुनाव आयोग ने तय किया है पंचायत आम निर्वाचन 2021 में जिला पंचायत और जनपद पंचायत सदस्य के लिए ईवीएम से वोट डाले जाएंगे. जबकि पंच और सरपंच पद के लिए मत पत्र पेटी में डाले जाएंगे. श्ङ्करूमें बटन दबाने की प्रक्रिया हाट बाजारों और आगनबाड़ी में जनता को समझायी जाएगी।

### कैसी होगी पंचायत चुनावों की प्रक्रिया

राज्य निर्वाचन आयोग ने सरपंच और पंच की सुविधा का ध्यान रखते हुए नामांकन दाखिल करने की व्यवस्था को ऑफलाइन रखा है. नाम वापसी और चुनाव चिन्ह भी पहले ही तरह पारंपरिक तरीके से होंगे. सरपंच पद के लिए जरूरी जानकारी और निर्वाचन के नतीजे पंच की तरह यूआरएल के जरिए जिलों से मिल सकेगी(

### बरसों से जमे अफसर हटाए जाएंगे

पंचायत चुनाव की तैयारी के सिलसिले में निर्वाचन अधिकारियों की कलेक्टरों के साथ बैठक हो चुकी है. मतदाता सूची और मतदान केंद्र की तैयारी भी हो चुकी है. अब इंतजार जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की प्रक्रिया का पूरा होने का है. आरक्षण प्रक्रिया पूरा होते ही राज्य चुनाव आयोग पंचायत चुनावों की तारीखों का ऐलान कर देगा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने एक ही जिले में जमे और गृह जिले में तैनात पुलिस अफसरों के तबादले के निर्देश दिए हैं. 4 साल से एक ही जगह पर जमे पुलिस अफसरों की जानकारी आयोग ने मांगी है. आयोग के निर्देश पर बड़े पैमाने पर तबादला आदेश जारी किए जाएंगे(

### सीएम शिवराज और कमलनाथ आमने-सामने

# उपचुनाव के नतीजों में लूट पर आर-पार

**भोपाल।**. मध्य प्रदेश में 4 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजों से हर कोई हैरान है। कांग्रेस की ऐसी हार और बीजेपी की ऐसी जीत का अनुमान किसी को नहीं था। रैगांव में आभार सभा के दौरान पीसीसी चीफ कमलनाथ ने ऐसा ही बयान देकर बीजेपी को बोलने का मौका दे दिया है। कमलनाथ के बयान पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार किया है। चौहान ने कहा कांग्रेस के खिसकते जनाधार और हार से कमलनाथ बौखला गए हैं। कमलनाथ ने हाल ही में कहा था कि पृथ्वीपुर, जोबट बीजेपी ने जीता नहीं लूटा है, ये जनता का अपमान है, जनादेश का अपमान है, लोकतंत्र का अपमान है, कांग्रेस और कमलनाथ जी हार पचा नहीं पा रहे हैं। आखिर जनता ने हमें वोट दिया है; क्या पृथ्वीपुर और जोबट की जनता को अपमानित करने का हक कमलनाथ को है? लोकतंत्र का मजाक उड़ा रहे हैं, क्या जनता लूटती है, चुनाव ? कमलनाथ के इस बयान की मैं घोर निंदा करता हूं।





### क्या कहा था कमलनाथ ने?

इससे पहले रैगांव में जीत के बाद हुई आभार सभा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री और पीसीसी चीफ कमलनाथ ने अपने एक बयान में बीजेपी और सरकार पर निशाना साधा था. उन्होंने आरोप लगाया था कि रैगांव में तो कांग्रेस की जीत हुई है लेकिन खंडवा, पृथ्वीपुर और जोबट में बीजेपी की जीत नहीं बल्कि लूट हुई है. इसी को लेकर बीजेपी के नेता उन पर पलटवार कर रहे थे।

# एक लाख से ज्यादा अतिथि शिक्षक गुम गए : गुप्ता

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के चलते एक लाख से अधिक अतिथि शिक्षक या तो गुम हो गए हैं या नौकरियों से बाहर हो गए हैं।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि 2008-09 में सरकार द्वारा 1 लाख 25हजार अतिथि शिक्षक बनाए गये थे। 2016 में पद घटाकर यह संख्या 1 लाख 7हजार कर दी गई। इसके बाद 2018 में हिंदी, संस्कृत तथा सामाजिक विज्ञान विषय गणित और अंग्रेजी के शिक्षक पढ़ायेंगे यह बता कर पद घटाकर 96000 कर दिए गए। जबकि यह सरकार संस्कृत और हिंदी को धार्मिक दायित्व मानते हुए आगे बढ़ाने का दंभ भरती है। इन दोनों भाषाओं के अतिथि शिक्षकों के पद हटा दिए गए। कोरोना काल में यह संख्या और घटकर 70 हजार कर दी गई। इसके बाद एकल परिसर और विद्यालय के नाम पर पद घटाकर 35000 कर दिए गए हैं। अब चयनित शिक्षकों में 14हजार लोगों की भरती की गई है तथा मोदी जी के आदिवासी कार्यक्रम के चक्कर में 8 हजार भरतियां आदिवासी क्षेत्रों में की जायेंगी यानि 22000 शिक्षक कर्मी शेष रहेंगे।

### भू अभिलेख शुद्धिकरण पखवाड़े की समय सीमा बढ़ाई

# प्रदेश में पहली बार तैयार हो रहा कम्प्यूटराइज लैंड रिकॉर्ड :राजपूत

## ड्रोन सर्वेक्षण एवं योजनाओं की मैदानी हकीकत जानने संभाग स्तर पर समीक्षा करेंगे राजस्व मंत्री



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा एक नवंबर से प्रारंभ किए गए भू-अभिलेख शुद्धिकरण पखवाड़े को आगामी 15 दिन तक बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया है। राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए हैं।

जनता की सुविधा के लिए प्रारंभ किए गए राजस्व विभाग के नवाचार भू-अभिलेख शुद्धिकरण पखवाड़े में राजस्व से जुड़ी विभिन्न त्रुटियों के सुधार को लेकर जनता में बढ़ती रूचि को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके पहले यह अवधि 15 नवम्बर तक निर्धारित थी। अब यह अवधि 30 नवंबर तक बढ़ाई गई है। राजस्व मंत्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना तथा भू-अभिलेख शुद्धिकरण पखवाड़े की जमीनी हकीकत जानने के लिए वे स्वयं संभागवार योजनाओं की समीक्षा करेंगे। समीक्षा की शुरुआत मालवांचल के इंदौर से की जाएगी। इसके बाद ग्वालियर, जबलपुर, रीवा तथा अन्य संभागों में समीक्षा करेंगे।

### 33 लाख से ज्यादा अभिलेखों की त्रुटियों का हुआ सुधार

राजस्व मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि भू-अभिलेख शुद्धिकरण पखवाड़े में अब तक 33 लाख 6 हजार 664 अभिलेखों में विभिन्न प्रकार की त्रुटियों को सुधारा जा चुका है। उन्होंने कहा कि त्रुटिपूर्ण अभिलेखों के कारण भूमि-स्वामियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए भू-अभिलेख शुद्धिकरण पखवाड़े की शुरुआत की गई। दरअसल, राजस्व अभिलेखों में क्षेत्रीय शब्दों के उपयोग के कारण नामों में एकरूपता नहीं रहती थी। साथ ही अभिलेख में भूमि स्वामी के प्रचलित नाम और आधार-कार्ड में वास्तविक नाम भिन्नता के कारण नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों में भी क्षेत्रीय कर्मचारियों को परेशानी आती थी।

### वाहनों में लगेगी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में परिवहन मंत्री श्री राजपूत ने निर्देश दिए हैं कि वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट और दुर्घटनाओं को रोकने व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस/पैनिक बटन तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए व्यवसायिक वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिग टेप लगाने की योजना पर चरणबद्ध तरीके से अमल किया जाए।

## जैसा हम सोचते हैं वैसे ही लिखना चाहिए:मिश्र

**भोपाल।** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, पाठक मंच, मीनाल रेसीडेंसी, भोपाल एवं म.प्र. साहित्य अकादमी संस्कृति परिषद् के सहयोगात्मक रूप से समीक्षा का आयोजन मानव संग्रहालय के शैलकला सभागार में किया गया। इसमे 'कुछ नीति, कुछ राजनीति' (लेखक भवानी प्रसाद मिश्र) समीक्षा -डॉ. नीलिमा रंजन, 'जलता हुआ पुल' (लेखक अग्निशेखर ) समीक्षा नीतू मुकुल एवं 'तत्वमसि' (लेखक ध्रुव भट्ट ) समीक्षा साधना शुक्ला द्वारा किया गया इस अवसर पर सभी कृतियों पर की गई समीक्षाओ पर विस्तार से चर्चा की गई। पाठक मंच की संयोजिका श्रीमती अनिता सक्सेना जी ने सबका स्वागत करते हुए साहित्य अकादमी द्वारा संचालित पाठक मंच की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'साहित्य अकादमी के सहयोग से सभी को श्रेष्ठ पुस्तकें पढ़ने को मिल रही हैं। भवानी जी की पंक्तियों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि वह कहते थे- **'कुछ लिखकर सो, कुछ पढ़कर सो, तू जिस जगह जागा सबेरे उस जगह से बढ़कर सो।'**

ये हर एक को जीवन में उतार लेना चाहिए। पुस्तकें पाठकों के साथ उनके परिवारजन भी पढ़ रहे हैं।

# पटवा जी ने दृढ़ प्रतिज्ञ कार्यकर्ताओं का निर्माण किया

**भोपाल।** कुशल संगठनकर्ता और दृढ़ निश्चयी राजनेता सुंदरलाल पटवा जी ने संगठन के अनेक दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रदेश में लाखों दृढ़ प्रतिज्ञ कार्यकर्ताओं का निर्माण किया। उन्होंने विकास के जो आयाम और आदर्श जो स्थापित किए हैं उन आदर्शों पर चलना ही हमारी ओर से पटवा जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने प्रदेश कार्यालय, पं. दीनदयाल परिसर में पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने स्व. सुंदरलाल पटवा जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि आज पार्टी का जो विशाल स्वरूप हम देख रहे हैं, उसके लिए पटवा जी जैसे कार्यकर्ताओं ने अपना जीवन खपा दिया। आज हम साधन और सुविधाओं



से संपन्न है, लेकिन उस समय विपरीत परिस्थितियों में ठाकरे जी, कैलाश जोशी जी और पटवा जी जैसे नेताओं ने संगठन को खड़ा किया। जनसंघ को ठाकरे जी, राजमाता जी ने मजबूत कर कैडर बेस संगठन बनाया। पटवा जी ने भाजपा को ''कैडर बेस'' से ''मास बेस'' पार्टी बनाने में अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की चिंता करना और नए कार्यकर्ताओं को आगे बढाने का काम पटवा जी ने किया।

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेश के टीकाकरण अभियान को सराहा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 10 नवम्बर को कोरोना टीकाकरण महाअभियान में देश में सर्वाधिक कोरोना वैक्सीन लगाये जाने पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन और नागरिकों के संयुक्त प्रयास से यह उपलब्धि हासिल की जा सकी है, जो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन-भागीदारी मॉडल की सफलता है।केन्द्रीय मंत्री श्री मांडविया ने कोरोना टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में चलाए गए रोको-टोको अभियान जैसे नवाचार की भी तारीफ की। केन्द्रीय मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देश के सभी प्रांतों के स्वास्थ्य मंत्री, मिशन संचालक और राज्य टीकाकरण अधिकारियों की बैठक में मध्यप्रदेश में टीकाकरण दर में वृद्धि और जन-जागरूकता अभियानों की सराहना करते हुए ऐसे ही प्रयास अन्य प्रांतों को अपनाने के लिए भी कहा।

### सिंगरोली कलेक्टर ने दिए आदेश

# कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज नहीं लगवाए तो होगी एफआईआर

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले में अब लोग वैक्सीन के दोनों डोज से बच नहीं सकते. अगर वो ऐसा करते हैं तो उनके खिलाफ सामान्य कार्रवाई के साथ-साथ एफआईआर भी होगी।

जिला कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने इसके लिए सख्त आदेश पारित किया है. आदेश के मुताबिक, 15 दिसंबर तक दोनों ही डोज नहीं लगवाए गए तो इसके बाद सार्वजनिक कार्यक्रम, होटल, निजी संस्थानों या कंपनियों में नौकरी करने वालों पर आपराधिक



केस दर्ज किया जाएगा.

कलेक्टर के आदेश के मुताबिक, दोनों डोज नहीं लगाने पर परियोजनाओं, होटलों, निजी कंपनियों जैसे अन्य संस्थानों में काम करने की अनुमति नहीं होगी. 15 दिसंबर के बाद सिर्फ उन्हें इससे छूट होगी, जिन्हें मेडिकल एडवाइस के जरिए इससे राहत देने के लिए कहा गया होगा।

### इंदौर प्रशासन का फैसला, 30 नवंबर तक लगवा लें दोनों डोज

इंदौर के लोग भी वैक्सीन के दोनों डोज जल्दी लगवा लें, वर्ना 30 नवंबर के बाद आपको ना तो दूध मिलेगा ना राशन ना ही कोई जरूरी सामान. इतना ही नहीं आप अपने इष्ट देव के दर्शन करने किसी मंदिर की चौखट भी नहीं लांघ पाएंगे. यह फ़ैसला इंदौर के सभी व्यापारी एसोसिएशन और मंदिर प्रबंधकों ने लिया है. दरअसल कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को दूर करने के लिए इंदौर प्रशासन ने वैक्सीन के दोनों डोज़ पूरे कर मुहिम छेड़ दी है जिसके तहत सभी व्यापारी एसोसिएशन सामाजिक संगठन, मंदिर प्रबंधन और कई संगठनों को कोरोना योद्धा बनाकर मैदान में उतारा है इसी के चलते व्यापारी एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि 30 नवम्बर के बाद वैक्सीन के दोनों डोज़ का सर्टिफिकेट दिखाये बिना ना तो ग्राहक को प्रवेश दिया जाएगा और ना ही माल बेचने वालों को. साथ ही मंदिरों में भी ऐसे लोगों को दाखिला नहीं मिलेगा जिन्होंने वैक्सीन के दोनों डोज़ कंप्लीट नहीं किए हैं. इन्दौर में सौ फीसदी आबादी को कोरोना वैक्सीन का पहला डोज़ लग चुका है और साठ फ़ीसदी आबादी को दूसरा डोज़ लग चुका हैं. इंदौर कलेक्टर मनीष सिंह का कहना है, 'सभी संगठनों ने फैसला लिया है कि तीस नवंबर तक उनसे जुड़े सभी लोग कोरोना वैक्सीन का दूसरा डोज़ लगवा लें. नहीं तो तीस नवंबर के बाद वो खुद ही प्रतिबंध लगाएंगे



# मिशनरी छात्रावास में आदिवासी बच्चियों को पढ़ाई जा रही थी बाइबिल

**रायसेन।** रायसेन में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर धर्मांतरण का शक हुआ। यहां के एक आदिवासी छात्रावास में रहने वाली बच्चियों के कमरों में बाइबिल रखे मिले. ये हॉस्टल मिशनरीज चलाते हैं. हॉस्टल के निरीक्षण पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो आए थे. उनकी नजर इस पर पड़ी और उन्होंने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो रायसेन दौरे पर थे. वो यहां ईटखेड़ी चलाए जा रहे आदिवासी छात्रावास का निरीक्षण करने गए. यहां हिंदू आदिवासी बच्चियां रहती हैं. वो जब हॉस्टल का जायजा लेने निकले तो यहां करीब दर्जन भर छात्राओं के कमरे और बिस्तरों पर बाइबिल मिले. ये सभी छात्राएं हिंदू हैं।

**बिस्तरों पर मिले बाइबिल:** ये देखकर कानूनगो को कुछ संदेह हुआ. हॉस्टल का संचालन मिशनरीज करते हैं. उन्होंने जब पूछताछ की तो पता चला कि यहां रहने वाली बच्चियों को बाइबिल पढ़ाई जाती है।



# दीपिका सिंह ने मिनी स्कर्ट पहन करीना कपूर के सांग पर किया डांस

## फैन्स बोले- बहुत खूब संध्या बिंदनी

टीवी अभनेत्री दीपिका सिंह आज भी फैन्स के बीच संध्या बिंदनी के नाम से ही फेमस हैं। दीपिका ने टीवी सीरियल दिया और बाती हम से एक्टिंग में कदम रखा था और इसी सीरियल में उन्होंने संध्या राठी का किरदार निभाया था, तभी से उन्हें संध्या बिंदनी के नाम से ही जाना जाता है। इसी के साथ वो सोशल मीडिया पर भी काफी फेमस हैं। आए दिन वो अपने ग्लैमरस फोटो और वीडियो फैन्स के साथ शेयर करती रहती हैं। इसी क्रम में उन्होंने अपना एक और वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में उन्हें करीना कपूर के सॉन्ग पर जबरदस्त डांस करते हुए देखा जा सकता है। वहीं वीडियो में उनके लुक की बात करें तो उन्होंने ब्लैक टॉप और येलो कलर का मिनी स्कर्ट पहना हुआ है। इस वीडियो में उनका स्टाइल और लुक फैन्स को काफी पसंद आ रहा है। दीपिका सिंह ने ये वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है वैसे तो, दोस्तों की कमी नहीं है, पतिदेव फ़रि भीज कितना अच्छा होता अगर तुम हमारे साथ मनाली चलते, इस रील में तुम भी साथ होते. दरअसल कुछ दिनों पहले दीपिका मनाली वेकेशन पर गई हुई थीं. ये वीडियो उसी समय का है, जो उन्होंने अब शेयर किया है. इसी के साथ वीडियो को देख उनके फैन्स जमकर कमेंट कर उनकी तारीफ कर रहे हैं। उनके एक फैन ने लिखा है बहुत खूब संध्या बिंदनी, तो दूसरे ने लिखा है आप बहुत सुंदर लग रही हो। दीपिका सिंह का दिया और बाती हम सीरियल से पॉपुलेरिटी का ग्राफ बढ़ा। जिसके बाद उन्होंने 2 मई साल 2014 को इस सीरियल के डायरेक्टर से शादी कर ली. दीपिका का एक बेटा भी है। एक्ट्रेस का स्क्रीन से एक लंबा ब्रेक लेने के बाद अब वे जल्द ही अपने पति द्वारा निर्देशित कमा के खाले फिल्म में नजर आएंगी। इस बात की जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर दी थी।



# अपकमिंग फिल्म नेपाल में परिणीति चोपड़ा ने 'ऊंचाई' का पहला शेड्यूल किया पूरा,

*अपकमिंग फिल्म नेपाल में परिणीति चोपड़ा ने 'ऊंचाई' का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। इसके लिए मुंबई से 125 लोगों का क्रू भी यहां पहुंचा था। नेपाल के मनांग में 13 हजार फीट की ऊंचाई पर फिल्म का पहला शेड्यूल गुरूवार को पूरा हुआ। वह भी तब, जब मुंबई से 125 लोगों की मौजूदगी में, जो बतौर क्रू मेंबर वहां गए थे। बाकी 350 से ज्यादा का क्रू नेपाल का लोकल था। शूट संचालक सूरज आचार्य ने इसकी पुष्टि की। गुरूवार को पहले शेड्यूल का अंतिम दिन था। उसकी शूटिंग मनांग में 13 हजार फीट पर हुई।*

*सूरज ने शूट की डिटेल जानकारी दी। उन्होंने कहा, नेपाल में फिल्म की शूटिंग तीन अक्टूबर से शुरू हुई थी। टोटल 25 दिन शूट हुआ। वेदर अच्छा रहा, इसलिए वक्त से पहले शूट हो गया, वरना शेड्युल तो 40 दिनों का था। हमें मौसम ने परेशान नहीं किया। ट्रैवलिंग आने जाने में थोड़ा बहुत फ्लाइट का डिले होना या उनका डायवर्जन थोड़ा बहुत हुआ। माउंटेनिंग एरिया लुकला आने जाने में कभी कभार बस थोड़ी बहुत दिक्कत हुई।*

*परिणीति ने मूल रूप से फ्लाइट, ट्रेकिंग, एवरेस्ट बेस कैंप का शूट किया। बेस कैंप की 17 हजार फीट की ऊंचाई पर शूट किया। नेपाल में फिल्म के क्लाइमैक्स और गाने शूट हुए। कुल एक गाना शूट किया। कोरियोग्राफी शबीना खान की थी। परिणीति समेत किसी को कोई प्रॉब्लम नहीं हुई। सेट पर मेडिकल सुविधाएं स्टैंड बाय पर रहती थीं। ज्यादातर दिन की शूटिंग हुई। तब तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस रहता था।*


### परिणीति के साथ तीन लोगों का स्टाफ था

*परिणीति तो टूरिस्ट गाइड हैं। अनुपम, बमन, सारिका और परिणीति ने अपने हिस्से की शूटिंग थी। शाम कौशल का एक्शन फिल्म में हैं। डे शूट ही था। नेपाल से परनीता आर्यल राणा यानी राज्यलक्ष्मी राणा भी फिल्म में हैं। वो रॉयल फैमिली से बिलॉन्ग करती हैं। इससे पहले परनीता आर्यल राणा ने साउथ इंडियन फिल्म में शूट की थी। परिणीति चोपड़ा ने पशुपति नाथ मंदिर के दर्शन किए। परिणीति के साथ तीन लोगों का स्टाफ गया था।*

### नेपाल में एक और फिल्म की रेकी हो रही है

*11 नवंबर से नेपाल में एक और फिल्म की रेकी हो रही है। उस फिल्म में डीनो मोरिया के लीड रोल में होना बताए जा रहा है। लॉकडाउन के चलते नेपाल में शूट बंद थी। हाल ही में वहां एक इटैलियन मूवी भी वहां शूट हुई है। दो साउथ इंडियन फिल्में भी जनवरी से वहां शूट हुई। रास्ते में चलते हुए एक्सीडेंट का सीक्वेंस था। वह शूट हुआ। पुराने दौर से नेपाल में अमिताभ बच्चन की खुदा गवाह और महान वहां शूट हुई थी। इसके अलावा मिथुन चक्रवर्ती और डैनी की आंधी तूफान वहां शूट हुई थी। डैनी की ही धुंधभी वहीं शूट हुई। संजय कपूर और ममता कुलकर्णी की फिल्म नेपाल में शूट हुई थी। देवानंद साहब की 'हरे रामा हरे कृष्णा' वहां शूट हुई थी। हॉलीवुड से वहां 'डॉक्टर स्ट्रेंज', 'लिटिल बुद्धा', 'एवरेस्?ट' के अलावा चाइनीज फिल्म 'अप इन द विंड' वहां शूट हुई थी।*

# फिल्म तड़प का टीज़र हुआ रिलीज




*__फॉक्स__ स्टार स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत और सह-निर्मित, साजिद नाडियाडवाला की तड़प निस्संदेह इस साल रिलीज होने वाली सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। जब से निर्माताओं ने इस दिलचस्प प्रेम गाथा की रिलीज़ तारीख की घोषणा की है, इसने फिल्म प्रेमियों के बीच प्रत्याशा और उत्सुकता पैदा कर दी है।*

*इस प्रत्याशा को अधिक बढ़ाते हुए, निर्माताओं ने आज रोमांटिक एक्शन ड्रामा का टीज़र लॉन्च कर दिया है जो रॉ, इंटेंस, पैशनेट और संगीतमय रूप से अपलिफ्टिंग है। मिलन लुथरिया द्वारा निर्देशित व अहान शेट्टी और तारा सुतारिया अभिनीत तड़प के टीज़र में युवा स्टार्स के बीच एलेक्टरीफाइंग केमिस्ट्री देखने मिल रही है।*

*इस प्रभावशाली टीज़र में हमें क्रमशः अहान और तारा द्वारा चित्रित ईशाना और रमीसा की दुनिया की एक झलक देखने मिल रही है और उनके पात्रों को अच्छी तरह से स्थापित किया गया है जिसने ल्मि के प्रति अधिक जिज्ञासु कर दिया है। जहां खूबसूरत रमीसा बर्फ से ढके पहाड़ों की सुरम्य लोकेशन पर नजर आ रही हैं, वहीं ईशाना अपनी बाइक के साथ मर्दाना अवतार में नजर आ रहे हैं। अहान अपने शर्टलेस अवतार में डैशिंग लग रहे है, तो वही तारा बेहद खूबसूरत दिख रही हैं।*


*दिलचस्प बात यह है कि अहान और तारा दोनों ने अपना टीज़र अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, जिससे उनके प्रशंसक आश्चर्यचकित हो गए है।*

*अहान शेट्टी के बड़े बॉलीवुड डेब्यू को चिह्नित करने के अलावा, प्रेम गाथा तेलुगु ब्लॉकबस्टर RX 100 की आधिकारिक हिंदी रीमेक भी है और सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली पहली बड़ी रोमांटिक ड्रामा होगी।*

*फॉक्स स्टार स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत और सह-निर्मित, नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन की तड़प साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और मिलन लुथरिया द्वारा निर्देशित है और 3 दिसंबर 2021 में सिनेमाघरों में रिली? होने के लिए तैयार है।*

# सलमान खान ने रानी कहकर शमिता शेट्टी पर कसा तंज

बिग बॉस 15 के वीकेंड का वार एपिसोड में इस बार सलमान खान शमिता शेट्टी की क्लास लगाते नजर आएंगे। अपकमिंग एपिसोड का प्रोमो सामने आया है जिसमें सलमान शमिता के एक स्टेटमेंट पर ये तक कह देते हैं कि उन्हें शो होस्ट करने का कोई शौक नहीं है और उनका बस चले तो वो वीकेंड एपिसोड्स पर आएं ही नहीं। प्रोमो में देखने को मिलता है कि सलमान शमिता को रानी कहकर तंज मारते हैं क्योंकि वह हर कंटेस्टेंट को अपनी उंगलियों पर नचाना चाहती हैं। वो चाहती हैं कि हर कंटेस्टेंट शो में उनके मुताबिक व्यवहार करे और बिग बॉस का घर उनके मुताबिक चले। शमिता सलमान की ये बात सुनकर भड़क जाती हैं और उन्हें गुस्से में जवाब देते हुए कहती हैं, तो मैं क्या करूं अगर मैं ऐसे ही पैदा हुई हूं तो। मैं आपको बता दूं कि मैं घर में सबसे ज्यादा काम करती हूं। सच में ये बहुत ही इरिटेटिंग है।



### शमिता के जवाब पर भड़के सलमान

शमिता का जवाब सुन सलमान भी भड़क जाते हैं और कहते हैं, मुझे बात करने का इतना शौक नहीं है, मेरा बस चले तो मैं पूरा एपिसोड साइलेंस में निकाल दूं, आऊं ही नहीं। बता दें कि शमिता बिग बॉस ओटीटी की सेकंड रनर अप थीं जहां से उन्हें बिग बॉस 15 में डायरेक्ट एंट्री मिली। बिग बॉस ओटीटी में शमिता एक्टर और को-कंटेस्टेंट राकेश बापट के साथ नजदीकियों को लेकर चर्चा में थीं।



# फिल्म अंतिम द फाइनल ट्रुथ का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर हुआ रिलीज !

हाल ही में जारी किये गए पोस्टर और गाने के बाद, अंतिम के निर्माताओं ने बेताब दर्शकों के लिए आखिरकार फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। आज जारी किया गया ट्रेलर अंतिम दुनिया की एक बड़ी झलक है। ट्रेलर में पंपिंग एक्शन, हाई-ऑक्टेन बैकग्राउंड म्यूजिक और बहुत कुछ शामिल है जिसने दर्शकों को फिल्म के प्रति अधिक जिज्ञासु कर दिया है।सलमान और आयुष ने संयुक्त रूप से अपने प्रशंसकों के लिए ट्रेलर रिली? किया है, जिसे वहां मौजूद दर्शकों से जबरदस्त ऊर्जावान प्रतिक्रिया मिली है। ट्रेलर को मुंबई के साथ-साथ इंदौर, गुरुग्राम और नागपुर में एक साथ रिलीज किया गया है। यह इवेंट हाल के दिनों में किसी भी बॉलीवुड फिल्म के लिए लॉन्च किए गए सबसे बड़े ट्रेलर में से एक साबित हुआ है।ट्रेलर को देखने के बाद इतना तो साफ हो गया है कि फिल्म के दर्शकों के लिए बहुत कुछ धमाकेदार होने वाला है।

ट्रेलर को कहानी के पात्रों और कहानी की दुनिया में अच्छी तरह से परिभाषित किया गया है। सलमान और आयुष दोनों को फिल्म में अपना किरदार निभाने के लिए महत्वपूर्ण फिसिकल ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरना पड़ा था और ट्रेलर में यह बखूबी नजर आ रहा है। रोमांचक एक्शन से भरपूर, ट्रेलर में, सलमान खान एक निर्दयी, बिना किसी रोक-टोक वाले पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपराध को खत्म करने के लिए कुछ भी कर सकता है। सलमान असाधारण रूप से उत्साही और दृढ़निश्चयी नजर आ रहे हैं और उन्हें एक सरदार के व्यक्तित्व में देखना ट्रीट होगी, एक ऐसा करैक्टर जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं निभाया है। ट्रेलर में दर्शकों को आयुष के करैक्टर के ट्रांसफॉर्मेशन की भी झलक देखने मिल रही है। फिल्म में आयुष का एक मासूम युवा लड़के से सबसे आक्रामक, खूंखार और टेरिटोरियल गैंगस्टर में से एक बनने का सफर अविश्वसनीय है जिसे फिल्म में देखना दिलचस्प होगा। ट्रेलर में बैकग्राउंड म्यूजिक को देखने के बाद, इतना तो तय है कि दर्शकों को पूरी फिल्म के दौरान चार्टबस्टर म्यूजिक देखने मिलेगा।

अंतिम महिमा मकवाना की पहली फिल्म है और उन्होंने अपनी ग्रेस और मासूमियत से हमें स्तब्ध कर दिया है। अंतिम एक निर्देशक के रूप में महेश मांजरेकर के कम्फर्ट जोन में पूरी तरह से फिट बैठती है। इससे पहले, हमने डार्क एंड गॉरी स्टोरीलाइन के निर्देशक के रूप में मांजरेकर की प्रतिभा देखी है और अंतिम एक निर्देशक के रूप में उनकी मास्टरी और एक्सपर्टाइज का एक और नमूना है। महेश मांजरेकर का भी फिल्म में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण किरदार है।

सलमान खान, आयुष शर्मा और महिमा मकवाना द्वारा अभिनीत अंतिम- द फाइनल ट्रुथ महेश मांजरेकर द्वारा निर्देशित है, सलमा खान द्वारा निर्मित और सलमान खान फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत की गई है।



## वन-टू-वन

### चिकित्सालयों एवं अन्य बडें संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के इंतजामों की जांच करने के लिए विधानसभा क्षेत्रवार दल गठित

ग्वालियर। ग्वालियर नगर निगम सीमांतर्गत हॉस्पीटल, होटल एवं अन्य बडें संस्थाओ में अग्नि दुर्घटना रोकने के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की जांच के लिए निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने तीन दल गठित कर सभी संस्थानों का निरीक्षण करने के निर्देश संबंधित दलों को दिए। प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट द्वारा सभी अस्पतालो, एवं अन्य संस्थानों, होटलों आदि में अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम आवश्यक करने हेतु निगमायुक्त श्री किशोर करने वालों को दल गठित कर निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में निगमायुक्त श्री कन्याल द्वारा तीन दल गठित किए गए हैं। जिसमें ग्वालियर विधानसभा एवं वार्ड क्रमांक 63, 64 में सहायक फायर ऑफिसर श्री कोमल सिंह एवं श्री किशन, पूर्व विधानसभा एवं वार्ड नंबर 61, 62, 66 के लिए श्री आशिक मुस्ताक एवं श्री अर्पित यादव तथा दक्षिण विधानसभा एवं वार्ड नंबर 65 के लिए श्री रघुवीर यादव एवं श्री रनविजय के दल गठित कर उन्हें अपने अपने क्षेत्र में चिकित्सालय एवं अन्य संस्थानों की जांच कर प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### तीन दिवसीय ध्रुपद समारोह आज से

**केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य और प्रदेश की संस्कृति मंत्री**

**सुश्री ऊषा ठाकुर की अध्यक्षता में होगा शुभारंभ**

ग्वालियर। संगीत की नगरी ग्वालियर में 13 नवम्बर से तीन दिवसीय ध्रुपद समारोह शुरू होगा। समारोह का शुभारंभ 13 नवम्बर को सायंकाल 6 बजे ऐतिहासिक महाराज बा?ा स्थित नव सुसज्जित टाउन हॉल में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति, पर्यटन एवं आध्यात्म विभाग की मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर करेंगीं। कार्यक्रम में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पंडित साहित्य कुमार नाहर बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। ध्रुपद समारोह का आयोजन दक्षिण मध्य सांस्कृतिक केन्द्र नागपुर, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के तहत 13, 14 व 15 नवम्बर को सायंकाल संगीत सभायें होंगीं। ध्रुपद समारोह में 13 नवम्बर को सायंकाल ध्रुपद केन्द्र ग्वालियर के गायन के साथ समारोह की प्रस्तुतियों की शुरूआत होगी। इसी क्रम में सुश्री यखलेश बघेल का ध्रुपद गायन होगा। इसी कड़ी में इंदौर की श्रीमती चित्रांगदा आंगले का पखावज वादन और पद्मश्री उस्ताद वासिफउद्दीन डागर नईदिल्ली का ध्रुपद गायन होगा।

### खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया आज विभागीय समीक्षा बैठक लेंगीं

ग्वालियर। प्रदेश की खेल, युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया एक दिवसीय प्रवास पर 13 नवम्बर को ग्वालियर आयेंगीं। विभागीय समीक्षा बैठक के साथ-साथ स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगीं। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया दोपहर 12.30 बजे हॉकी अकादमी ग्वालियर में विभागीय समीक्षा बैठक लेंगीं। इसके साथ ही शाम 5.30 बजे संगम वाटिका में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगीं।

# ओल्ड हाईकोर्ट एवं राजीव प्लाजा स्थित पजल पार्किंग को संधारित कर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के समक्ष किया गया प्रारंभ





ग्वालियर। शहर के इंदरगंज एवं नदी गेट क्षेत्र में सुगम यातायात एवं व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के लिए निगम द्वारा ओल्ड हाई कोर्ट एवं राजीव प्लाजा पर बनाई गई पजल पार्किंग को निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के विशेष आग्रह पर संबंधित कंपनी द्वारा संधरित कर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल की उपस्थित में पुनः प्रारंभ कराया गया तथा आगामी दो महीने तक कंपनी द्वारा दोनों पार्किंग का संधारण एवं संचालन किया जाएगा।

ज्ञात हो कि लॉकडाउन के समय लंबे समय तक बंद रहने के कारण दोनों पार्किंग में वाहन उपर के फलोर पर नहीं जा पा रहे थे तथा संबंधित कंपनी का संचालन एवं संधारण के ठेके की अवधि पूर्ण हो चुकी थी। जिसको लेकर निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के विशेष अनुरोध पर कंपनी द्वारा पुनः अपने इंजीनियर भेजकर दोनों पार्किंग का संधारण कर आज से पुनः प्रारंभ कराई गई। ओल्ड हाईकोर्ट वाली पार्किंग में 34 चार पहिया वाहन एवं राजीव प्लाजा वाली पार्किंग में 36 चार पहिया वाहन एवं 40 दो पहिया वाहन खडे होने की क्षमता है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इस अवसर पर क्षेत्र के व्यवसाई योग एवं दुकानदारों से आग्रह किया कि क्षेत्र में सुगम यातायात एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए सभी दुकानदार अपने वाहन पजल पार्किंग में ही रखें और अपने ग्राहकों को भी पार्किंग में ही वाहन रखने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, नोडल अधिकारी श्री अरविंद चतुर्वेदी, नोडल अधिकारी राजस्व श्री लोकेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रधेय ठेंगड़ी जी की स्मृति में भारत सरकार ने डाक टिकट जारी किया

**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

श्रधेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी की 101वी जयंती पर स्वदेशी जागरण मंच एवं भारतीय मजदूर संघ , किसान संघ के संस्थापक श्रधेय ठेंगड़ी जी पर विज्ञान भवन दिल्ली में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में भारत सरकार ने डाक टिकट जारी किया।




समारोह में संघ के पूर्व कारवाह भैया जीजोशी ,रेल मंत्री भारत सरकार माननीय अश्वनी वैष्णव भारतीय मजदूर संघ के श्री हरिणमयी पंड्याजी पृमुख थे।

श्री भैया जी ने अपने उद्ववोधन में कहा कि श्रधेय ठेंगड़ी जी के जीवन काल में ये संभव नही था क्योंकि जव कुछ कार्यकरता श्रधेय ठेंगड़ी जी के जय कारे लगाए रहे थे तव ठेंगड़ी जी के उन्हे रोक कर कहा कि भारत माता की जय बोलो । वे हजारो कार्यकरताओ को आगे बड़ाते स्वयं पीछे रहते ।भारत सरकारी ने परम भूषण समान दिया सविनय स्वीकार नही किया।

ऐसे महा पुरुष को शत शत नमन भारत माता की जय

इसी भाव के साथ स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत पृांत विभाग ग्वालियर के सभी कार्यकरता श्रधेय ठेंगड़ी जी पर भारत सरकार द्वारा डाक टिकट जारी किये जाने पर भारत सरकार का आहार मानते हुए पृसंन्नता व्यक्त करते है।

डा लोकेन्द्र सिंह कामर विभाग संयोजक मध्यभारत पृांत विभाग ग्वालियर के सी शर्मा संयोजक जिला ग्वालियर स्वदेशी जागरण मंच महन्त कोस्तुभ शर्मा जिला संयोजक लश्कर,पुष्पराज सिह सिकरवार संयोजक नगर ग्वालियर जितेन्द्र सिंह राजपूत संयोजक नगर मुरार पृमुख है।

**प्रभारी मंत्री ने दिए डेंगू से बचाव व इलाज के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश**

## जिलेवासियों से की अपील : डेंगू के खिलाफ लड़ाई में सभी सहभागी हों



ग्वालियर। जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने डेंगू एवं मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिये एकजुट होकर लड़ाई लड़ने की अपील की है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि डेंगू को लेकर पूरी सतर्कता बरतें। शहर के हर गली-मोहल्ले में नियमित रूप से फॉगिंग की जाए। साथ ही कहीं पर भी अनावश्यक पानी जमा न होने दें और जमा पानी में मच्छरों को मारने के लिये गम्बूशिया मछलियां डालने सहित अन्य उपाय करें।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने जिलेवासियों से भी आग्रह किया है कि वे अपने घर और आसपास पानी जमा न होने दें। घर और आसपास सफाई रखें। साथ ही घर की टंकियों का पानी बदलते रहें और बुखार आने पर तत्काल नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच कराकर अपना इलाज कराएं। श्री सिलावट ने कहा है कि जिले के सभी अस्पतालों में डेंगू से बचाव के लिये पर्याप्त दवाओं का इंतजाम रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जेएएच, जिला चिकित्सालय व सिविल हॉस्पिटल हजीरा सहित जिले के शहरी और ग्रामीण अंचल के सभी अस्पतालों में मरीजों के इलाज के पुख्ता इंतजाम रखने की हिदायत भी दी गई है।

## गिर्द विकास युवा मंडल ग्वालियर के संचालक श्री गजेंद्र सिंह चौहान को म.प्र. शासन में लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री श्री सुरेश राठखेड़ा जी द्वारा कोरोना वॉलिंटियर्स उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया

**पुष्पांजली टुडे**




ग्वालियर । अभियान परिषद नरवर, जिला शिवपुरी द्वारा कोरोना वॉलिंटियर्स उत्कृष्ट सेवा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन मंगल भवन सामुदायिक परिसर नरवर में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोक निर्माण मंत्री मप्र शासन श्री सुरेश राठखे?ा जी उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री मुकेश खटीक जनपद अध्यक्ष नरवर, विशिष्ट अतिथि श्री राजेन्द्र सिंह रावत पूर्व जनपद अध्यक्ष, श्री जसपाल सिंह वेश मण्डल अध्यक्ष भाजपा नरवर, श्री नवल सिंह गुर्जर पूर्व मण्डल अध्यक्ष, श्री धर्मेन्द्र शर्मा पूर्व मण्डल अध्यक्ष, श्री सुशील बरुआ रीजनल कॉर्डिनेटर जन अभियान परिषद ग्वालियर संभाग, श्रीमति रीना शर्मा जिला समन्वयक जन अभियान परिषद शिवपुरी, श्री महेश परिहार ब्लॉक समन्वयक नरवर आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम में मंत्री महोदय द्वारा कोरोना जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गिर्द विकास युवा मण्डल के संचालक श्री गजेन्द्र सिंह चौहान को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, श्री चौहान द्वारा अपने मंडल के माध्यम से समय-समय पर कोरोना वैक्सीन लगवाने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए व आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए, वृक्षारोपण के लिये लोगों को प्रेरित किया गया है, उनके युवा मंडल के द्वारा नेत्र शिविर, स्वास्थ्य शिविर, कोरोना योद्धाओं का सम्मान जैसे अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं, श्री चौहान को पूर्व में भी उत्कृष्ट कार्यों के लिए वर्ष 2002 में ग्वालियर कलेक्टर द्वारा एवं 2017 व 2018 में उत्कृष्ट कार्यों के लिए कलेक्टर शिवपुरी द्वारा सम्मानित किया गया है, श्री चौहान को सम्मानित किए जाने पर मंडल के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई एवं बधाईयां भी प्रेषित की हैं।

## सिद्धचक्र महामंडल विधान महोत्सव में प्रभु की गुणगान की आराधना गूँजी



ग्वालियर - उपग्वालियर लोहमंडी स्थित लाला गोकुलचंद जैसवाल दिगंबर जैन मदिर कमेंटी तत्वाधान में विधानचार्य ब्रह्मचारी राकेश जैन आगरा के मार्गा दर्शन मे सिद्धो की आराधना करने के लिए श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान महोत्सव के आज दूसरे दिन शुक्रवार को भगवान का अभिषेक व महा अर्घ्य समर्पित किए जयकारो के साथ भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक, उतारी महाआरती।

जैन समाज प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम ने बताया कि महोत्सव के विधानचार्य ब्रह्मचारी राकेश जैन ने मंत्रउच्चरण के साथ में सौधर्म इंद्रा पदमचंद जैन सहित इंद्रो ने भगवान पार्श्वनाथ का शुध्द जल से जयकारो के साथ किया।






## अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को मिले शासन की योजनाओं का लाभ: ऊर्जा मंत्री श्री तोमर





ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने 38 नम्बर कार्यालय पर राशन की पात्रता पर्ची, हाथठेला, कामकाजी, पेंशन के पात्र हितग्राहियों को कार्ड वितरित करते हुए कहा कि अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए मैरे द्वारा अपने कार्यालय पर और क्षेत्र में केंप आयोजित कर आमजन को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत मिलने वाले 10 हजार रूपये का लाभ लेने के लिए ज्यादा से ज्यादा हितग्राही आवेदन करें, जिससे उन रूपयों से आप अपने व्यापार को बडा कर और ज्यादा मुनाफा कमा सकें।

उन्होंने कहा कि आपने मुझे सेवा का अवसर दिया है तो मेरा कर्तव्य है कि मैं घर-घर जाकर आपकी सेवा करूं इसके लिए में हमेशा तत्पर रहता हूँ। मेरे क्षेत्र में कोई व्यक्ति किसी भी कार्य के लिए परेशान न हो इसके लिए कार्यालय पर केंप तो आयोजित किये जा रहे हैं। साथ ही आने वाले समय में क्षेत्र में ही कैंप लगाकर आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल निराकरण करने के साथ शासन की योजना का लाभ दिलाया जाएगा। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने 38 नम्बर कार्यालय पर वार्ड 15, 16, 17, 31, 32, 33 व 36 की राशन की पात्रता पर्ची 293 व हाथठेला व कामकाजी 103 व पेंशन 50 के पात्र हितग्राहियों को कुल 446 कार्ड वितरित किये। इसके साथ ही कार्यालय पर आमजन अपनी-अपनी समस्यायें लेकर आये तो उनकी समस्या ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बारी बारी से सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय पर आने वाली समस्याओं का निराकरण समय सीमा में किया जाए। इस कार्य में लापरवारी वर्दाश्त नही की जायेगी।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478